# संचालनालय सैनिक कल्याण छत्तीसगढ़

## सशस्त्र सेना झंडा दिवस 2024

### कल्याणकारी योजनाएं
### संक्षेपिका







**वीरनारियों, भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों,
सैनिक विधवाओं तथा सेवारत सैनिकों
के लिए सुविधाएं विशेषांक**

# सैनिक कल्याण बोर्ड, छत्तीसगढ़

संचालनालय सैनिक कल्याण, छत्तीसगढ़

रमेन डेका
Ramen Deka

सत्यमेव जयते

राजभवन, रायपुर
Rajbhavan, Raipur

राज्यपाल, छत्तीसगढ़
Governor, Chhattisgarh



क्र. / 130 / पीआरओ / रास / 2024
रायपुर दिनांक 20 नवम्बर 2024

# संदेश

सशस्त्र सेना के शहीदों को सम्मानित करने के लिए हर साल 07 दिसम्बर को मनाये जाने वाले सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर मैं समस्त सेवारत् सैनिकों, भूतपूर्व सैनिकों और उनके परिजनों को शुभकामनाएं देता हूँ। हमें अपनी सेना के जवानों के शौर्य व समर्पण पर सदैव गर्व है।

यह दिन हमें राष्ट्र के प्रति उनकी निस्वार्थ सेवा के लिए सेना के प्रति हमारी जिम्मेदारी की याद दिलाता है और हमें उनके साथ अपनी एकजुटता व्यक्त करने का अवसर प्रदान करता है।

मैं छत्तीसगढ़ की जनता से सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष में उदारतापूर्वक योगदान देने की अपील करता हूँ, जिससे हम अपने बहादुर शहीदों के आश्रितों, भूतपूर्व सैनिकों के पुर्नवास और कल्याण को सुनिश्चित कर सकें।

मैं सशस्त्र सेना झंडा दिवस की सफलता की कामना करता हूँ।

(रमेन डेका)

विष्णु देव साय
मुख्यमंत्री
**Vishnu Deo Sai**
Chief Minister

मंत्रालय, महानदी भवन,
नवा रायपुर अटल नगर, रायपुर
492002, छत्तीसगढ़
फोन: + 91 (771) 2221000, 2221001
Mantralaya, Mahanadi Bhawan,
Nava Raipur Atal Nagar, Raipur 492002
Chhattisgarh
Ph.: +91-(771) 2221000, 2221001



# संदेश

सशस्त्र सेना झंडा दिवस 2024 के अवसर पर में सशस्त्र सेना के जवानों, भूतपूर्व सैनिकों और उनके परिवारजनों को शुभकामनाएँ देता हूँ।

प्रत्येक वर्ष हम 7 दिसम्बर को सशस्त्र सेना झंडा दिवस के रूप में मनाते हैं, जो हमारी सशस्त्र सेना के सेवारत् एवं भूतपूर्व सैनिकों द्वारा समर्पित निस्वार्थ सेवा, समर्पण और वीरतापूर्ण बलिदानों के प्रति हमारी कृतज्ञता और सम्मान को दर्शाता है। हमारी सेनाएँ न केवल राष्ट्र की संप्रभुता और अखंडता की रक्षा करती है बल्कि प्रभावी रूप से उग्रवाद से निपटने और प्राकृतिक आपदाओं के समय में हमारे नागरिकों की सहायता भी करती है।

मैं प्रदेश के सभी नागरिकों से भूतपूर्व सैनिकों, युद्ध विधवाओं और उनके आश्रित परिवार के कल्याण एवं पुनर्वास के लिए कल्याणकारी योजनाओं का समर्थन करने के लिए सशस्त्र झंडा दिवस कोष में उदारता से योगदान करने की अपील करता हूँ।

**विष्णु देव साय**
मुख्यमंत्री

संचालनालय सैनिक कल्याण, छत्तीसगढ़


**विजय शर्मा**
उप मुख्यमंत्री

**छत्तीसगढ़ शासन**
गृह एवं जेल, पंचायत एवं ग्रामीण विकास,
तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग




# संदेश

राष्ट्र की सीमाओं की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व प्राण-प्रण अर्पित करने वाले हमारे देश के वीर नायकों के सम्मान हेतु प्रतिवर्ष 07 दिवस को सशस्त्र झंडा दिवस मनाया जाता है।

राष्ट्र की अस्मिता सतत् अक्षुण्य रहे इसके लिए समस्त देशवासियों के हृदय में देशभक्ति का भाव संचारित रहे, इस हेतु भारतीय सेना का प्रयास निरन्तर जारी रहता है। सशस्त्र झंडा दिवस उसी पुनीत प्रयास की एक कड़ी है।

सशस्त्र झंडा दिवस हम अपने देश के सशस्त्र सेनाओं से सेवानिवृत्त सैनिकों शहीद परिवारों व अन्य सैन्य कर्मियों के परिवार के कल्याण हेतु आर्थिक सहयोग करने का एक अवसर प्रदान करता है। दस्तुतः यह आर्थिक सहयोग हमारे मन और हृदय में राष्ट्रभक्ति के उस मंत्र को जागृत रखता है जिसमें हम तन-मन-धन से अपने राष्ट्र के लिए अर्पित रहते है।

आईये हम सब सगर्व व असीम उदारता के साथ सशस्त्र झंडा दिवस कोष में अपना-अपना पुण्य अर्थ सहयोग अर्पित कर एक कंठ से उद्घोषित करें कि हम हर क्षण अपने सैन्य परिवार के कल्याणार्थ हेतु सादर समर्पित है।

जय हिन्द

(विजय शर्मा)

अमिताभ जैन
मुख्य सचिव
Abhitabh Jain
Chief Secretary

छत्तीसगढ़ शासन
Government of Chhattisgarh
नवा रायपुर अटल नगर,



# संदेश

मुझे यह जानकर प्रसन्नता हुई है कि हमारी सीमाओं पर वीरतापूर्वक युद्ध करने वाले और अपना बलिदान देने वाले सशस्त्र सेना के शहीदों और भूतपूर्व सैनिकों के सम्मान में पूरे देश में प्रतिवर्ष 7 दिसम्बर को सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाया जाता है। यह दिन हमें, मातृभूमि के लिए सशस्त्र सेना द्वारा किए गए योगदान के प्रति हमारे उत्तरदायित्व का स्मरण कराता है। हमारी सशस्त्र सेना युद्ध काल में और शांति के समय में भी अति विशिष्टता के साथ राष्ट्र की सेवा करती है। उन्होने अपने दायित्व के निर्वहन में उच्चतम कार्य कुशलता और उत्कृष्टता प्रदर्शित की है। उन्होने आतंकवाद के संकट का डअकर सामना किया और प्राकृतिक आपदाओं के समय देशवासियों को राहत प्रदान की है।

मैं सभी छत्तीसगढ़ के निवासियों से अपील करता हूँ कि वे सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर उदारतापूर्वक योगदान दें, जिससे शहीद परिवारों भूतपूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के कल्याण और पुर्नवास में सहायता मिल सकें।

मैं सशस्त्र सेना झंडा दिवस की सफलता की कामना करता हूँ।

''जय हिन्द''

(अमिताभ जैन)

कक्ष क्र.-4/21, चतुर्थ तल, महानदी भवन, मंत्रालय, नवा रायपुर अटल नगर (छत्तीसगढ़)-492002
Tel. 0771-2221207, 2221208, Fax : 0771-2221206, Email : csoffice.cg@gov.in

संचालनालय सैनिक कल्याण, छत्तीसगढ़


# मनोज कुमार पिंगुआ
आई.ए.एस.
अपर मुख्य सचिव

छत्तीसगढ़ शासन
गृह एवं जेल विभाग
कक्ष क्रमांक-एस-2/24
मंत्रालय
महानदी भवन, नवा रायपुर
अटल नगर, रायपुर (छ.ग.) 492002




## संदेश

सशस्त्र सेना झंडा दिवस 2024 के अवसर पर मै सशस्त्र बल के सभी सैनिको, भूतपूर्व सैनिको और उनके परिवारों को हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित करता हूँ।

हर वर्ष 07 दिसम्बर को हम सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाते हैं। यह दिवस हमारे देश की संप्रभुता और अखंडता की रक्षा के लिये अपने प्राणों का बलिदान देने वाले वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करने का अवसर है। यह दिन हमें उनके निस्वार्थ समर्पण, अदम्य साहस और वीरता को स्मरण करने और उनके प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करने का महत्वपूर्ण माध्यम प्रदान करता है।

हमारे सैनिक केवल देश की सीमाओं की रक्षा नहीं करते, बल्कि प्राकृतिक आपदाओ, उग्रवाद और अन्य संकटों के समय भी संगठित, अनुशासित और निस्वार्थ भाव से देश की सेवा में तत्पर रहते हैं। उनकी अद्वितीय सेवा और बलिदान पर हमें गर्व है।

इस सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर मैं छत्तीसगढ के सभी नागरिकों से अपील करता हूँ कि वे सशस्त्र बलों के भूतपूर्व सैनिकों, उनकी विधवाओं और परिवारों के कल्याण एवं पुनर्वास के लिये सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष में उदारतापूर्वक योगदान दें।

जय हिन्द!

(मनोज कुमार पिंगुआ)

ब्रिगेडियर विवेक शर्मा, व्ही.एस.एम. ( से.नि. )
संचालक
Brigadier Vivek Sharma, VSM (Retd)
Director
Tel : Off. : 0771-2445165,
Mob : 9596744110
E-mail : dirsw.cg@gmail.com

संचालनालय सैनिक कल्याण
छत्तीसगढ़
मोतीबाग रोड, शास्त्री चौक,
रायपुर (छ.ग.) 492001
Directorate of Sainik Welfare,
Chhattisgarh
Motibag Road, Shashtri Chowk,
Raipur (C.G.) 492001



# संदेश

सशस्त्र सेना झण्डा दिवस 07 दिसम्बर 2024 के शुभ अवसर पर मैं सशस्त्र सेना के सभी सेवारत एवं भूतपूर्व सैनिकगण एवं उनके परिवारों को ससम्मान हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित करता हूँ। भारतीय सशस्त्र सेना निरन्तर अद्वित्तीय साहस एवं समर्पण भाव से न केवल देश की दुर्गम सीमाओ की रक्षा करती है अपितु किसी भी प्राकृतिक आपदा अथवा आंतरिक सुरक्षा की चुनौतियों से निपटने के लिये भी सदैव तैयार रहती है। सेना का शौर्य, बलिदान व निष्ठावान कार्य देश के प्रत्येक नागरिक की सम्पूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित करता है।

सेना के वीर सपूतों एवं अमर बलिदानियों के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने हेतु झंडा दिवस (07 दिसम्बर) एक उपयुक्त अवसर है जहाँ हम उदारतापूर्वक आर्थिक सहयोग देकर अपने वीर सैनिकों, शहीद परिवारों एवं भूतपूर्व सैनिकों के कल्याण में भागीदार हो कर गौरव का अनुभव कर सकते हैं।

मैं सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के शुभ अवसर पर एक बार पुनः हमारे वीर बलिदानियों एवं निर्भीक सैनिकों के प्रति आदर प्रकट करते हुए सभी नागरिकों को झंडा दिवस की बधाई देते हुये यह अपील करता हूँ कि वे सशस्त्र सेना झंडा दिवस निधि में आगे बढ़ कर उदारतापूर्वक योगदान दें।

(ब्रिगेडियर विवेक शर्मा, व्ही.एस.एम)
संचालक

# अनुक्रमणिका


| क्र. | विवरण | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1 | राज्य सैनिक बोर्ड / संचालनालय सैनिक कल्याण, छत्तीसगढ़ (रायपुर) | 1 |
| 2 | फ्लेम (FLAME) पोर्टल की जानकारी | 2 |
| 3 | राज्य सैनिक बोर्ड की गतिविधियों की झलकियाँ | 3-4 |
| 4 | सैनिक कल्याण मानचित्र | 5 |
| 5 | सैनिक कल्याण अधिकारियों की जानकारी | 6 |
| 6 | जिला सैनिक कल्याण कार्यालयों की जानकारी व गतिविधियाँ | 7-30 |
| 7 | छत्तीसगढ़ के अमर शहीद | 31-34 |
| 8 | छत्तीसगढ़ के शौर्य अलंकरण विजेता | 35-36 |
| 9 | शहीदों का जीवन परिचय | 37-56 |
| 10 | केन्द्र शासन द्वारा प्रदत्त कल्याणकारी योजनाएँ | 57 |
| 11 | छ.ग. राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त कल्याणकारी योजनाएँ | 58-59 |
| 12 | समामेलित विशेष निधि (ASF) (झण्डा दिवस निधि) द्वारा प्रदत्त कल्याणकारी योजनाएँ | 60-62 |
| 13 | सैनिक विश्राम गृहों की जानकारी एवं महत्वपूर्ण सम्पर्क नम्बर | 63 |

# राज्य सैनिक बोर्ड/संचालनालय सैनिक कल्याण, छत्तीसगढ, (रायपुर)

हमारे देश में वीर शहीदों के परिवार, भूतपूर्व सैनिक और उनके आश्रितों के कल्याण एवं हित के लिए रक्षा मंत्रालय (भारत सरकार) ने केन्द्रीय सैनिक बोर्ड का गठन किया है। ऐतिहासिक संदर्भ में यह विदित हो कि प्रथम विश्व युद्ध के पश्चात 07 सितम्बर 1919 को भारतीय सोल्जर बोर्ड का गठन किया गया था। 1944 में इसे पुनर्गठित किया गया। 1951 मे इसका नाम बदलकर भारतीय सैनिक, नाविक और एयरमैन बोर्ड कर दिया गया। 1975 मे बोर्ड का नाम केंद्रीय सैनिक बोर्ड रखा गया। इसके अध्यक्ष माननीय रक्षा मंत्री एवं उपाध्यक्ष माननीय राज्य रक्षा मंत्री होते हैं। सभी राज्य के मुख्यमंत्री/केंद्र शासित प्रदेश के उपराज्यपाल एवं तीनों सेना के सेना प्रमुख इसके सदस्य होते हैं। केन्द्रीय सैनिक बोर्ड, नई दिल्ली के तत्वाधान एवं निर्देशानुसार हर प्रदेश में गठित राज्य सैनिक बोर्ड कर्तव्य का पालन करते है।

राज्य सैनिक बोर्ड एवं संचालनालय सैनिक कल्याण, छत्तीसगढ़ का गठन प्रदेश में निवासरत सभी भूतपूर्व सैनिकों, उनके आश्रितगण, शहीद परिवार, वीर नारियों एवं वीर माताओं के कल्याणार्थ एवं उनके पुनर्वास हेतु छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना के दिन 01 नवम्बर 2000 को किया गया था । राज्य में राज्य सैनिक बोर्ड का नेतृत्व सेना के सेवा निवृत्त बिग्रेडियर या समकक्ष रैंक के अधिकारी द्वारा किया जाता है। उनके अधीनस्थ जिला सैनिक कल्याण अधिकारी, जिला स्तर पर सैनिक कल्याण का कार्य करते हैं। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल या उसके समकक्ष रैंक के होते हैं । संचालनालय सैनिक कल्याण, छत्तीसगढ़ शासन के गृह विभाग के अंतर्गत एक स्वतंत्र विभाग है।

**वर्ष** 2000 में राज्य में केवल पाँच जिला सैनिक कल्याण कार्यालय थे, जो रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, राजनांदगांव एवं जशपुर जिलों के मुख्यालयों में स्थित **थे**। आज राज्य के दस जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, प्रदेश में शहीद परिवारों एवं भूतपूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों के लिए कार्यरत हैं। आज हमारे प्रदेश में लगभग 55,000 के करीब भूतपूर्व सैनिक/आश्रितगण/शहीद परिवार निवासरत है एवं राज्य सैनिक बोर्ड के द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ उठा रहे हैं।

राज्य सैनिक बोर्ड के अध्यक्ष माननीय मुख्यमंत्री जी होते हैं एवं राज्य प्रंबधन समिति, जो कि झंडा दिवस निधि को संचालित करती हैं,उनके अध्यक्ष माननीय राज्यपाल जी होते हैं। राज्य सैनिक बोर्ड एवं संचालनालय सैनिक कल्याण कार्यालय मोतीबाग रोड, शास्त्री चौक के पास रायपुर में स्थित है। राज्य सैनिक बोर्ड के सचिव एवं संचालनालय सैनिक कल्याण छ.ग. के संचालक, ब्रिगेडियर विवेक शर्मा, विशिष्ट सेवा मेडल (से.नि.) हैं।

# पोर्टल फ्लेम :– फ्लैग डे फंड ऑटोमेशन एंड मैनेजमेंट ऑफ एक्स सर्विसमैन डेटा (फ्लेम) की जानकारी

1. राज्य सैनिक बोर्ड रायपुर ने छत्तीसगढ़ के सभी भूतपूर्व सैनिकों के डाटा को डिजिटलीकरण (ऑनलाईल पंजीयन) करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कार्य किया है। यह कार्य भूतपूर्व सैनिकों सैन्य विधवाओं, वीरनारियों और वीरमाताओं के लिये मददगार हैं, जो न केवल झण्डा दिवस निधि की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देता है, अपितु इसके माध्यम से ऑनलाईन आवेदन भी किया जा सकता है।
2. फ्लेम (FLAME) संक्षिप्त शब्द है, जो फ्लैग डे फंड ऑटोमेशन एंड मैनेजमेंट ऑफ एक्स सर्विसमैन डेटा के लिये है। यह सॉफ्टवेयर राष्ट्रीय सूचना केन्द्र (एनआईसी) छत्तीसगढ़ द्वारा विकसित किया गया है।
3. इसको विकसित करने में सैनिक कल्याण छत्तीसगढ से ग्रुप कैप्टन बी. के. शर्मा (से.नि.), जिला सैनिक कल्याण अधिकारी, राजनांदगांव कोर्डिनेटींग ऑफिसर तथा भू.पू. हवलदार चुरामन साहू, डाटा एन्ट्री आपरेटर, संचालनालय सैनिक कल्याण छत्तीसगढ़, रायपुर द्वारा डेवलेपर के रूप में विशेष सहयोग रहा है।
4. पंजीकरण के प्रथम चरण के बाद से भूतपूर्व सैनिकों, सैन्य विधवाओं को अपनी पूरी जानकारी (बायो डेटा) अपलोड करना होता है, साथ ही, सेवा पुस्तिका, पहचान कार्ड, पीपीओ, बैंक विवरण आदि जैसे महत्वपूर्ण पहचान डेटा अपलोड करना आवश्यक है।
5. फ्लेम, झण्डा दिवस निधि फंड की सभी कल्याणकारी योजनाओं का व्यापक विवरण प्रदान करता है। भूतपूर्व सैनिक इन अनुदानों के लिये ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं और इनकी राशि अपने बैंक खातों में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (DBT) से प्राप्त करते हैं।
6. फ्लेम के माध्यम से भूतपूर्व सैनिकों की जानकारी को डिजिटल रूप में रखा गया है, जिसमें उनका डेटा इलेक्ट्रॉनिक रूप में सुरक्षित एवं सही है। इसमे कल्याणकारी योजनाओं का विवरण भी प्रदान किया है, जिनका ऑनलाईन लाभ उठाया जा सकता है। भूतपूर्व सैनिकों की आसानी के लिये इस सॉफ्टवेयर में और कार्य जोड़े जा रहे हैं।




भूतपूर्व सैनिक/विधवा/आश्रित पंजीयन हेतू हमारे पोर्टल ttps://sainikkalyan.cg.gov.in पर लॉगईन करें।




हमारी कल्याणकारी योजनाओं के जानकारी के लिए हमारे वेबसाईट https://sainikwelfare.cg.gov.in का अवलोकन करें।

# राज्य सैनिक बोर्ड की गतिविधियों की झलकियाँ



सशस्त्र सेना झण्डा दिवस समारोह में माननीय राज्यपाल महोदय संक्षेपिका 2024 का विमोचन करते हुए।



सशस्त्र सेना झण्डा दिवस समारोह में माननीय राज्यपाल महोदय जी द्वारा दो लाख रूपये का अनुदान।



माननीय मुख्यमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री द्वारा वीर माता का सम्मान




हर घर तिरंगा अभियान 2024



राज्य के प्रमुख भूतपूर्व सैनिक संगठनों की बैठक



राज्य प्रबंधन समिति की 16 वीं बैठक



राज्य प्रबंधन समिति बैठक 2024 : माननीय राज्यपाल महोदय वरिष्ठ अधिकारियों एवं सैनिक कल्याण विभाग के कर्मचारियों का सामूहिक छायाचित्र



सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा स्वेच्छा अनुदान।



माननीय मुख्यमंत्री महोदय के द्वारा नवीन सैनिक विश्राम गृह, रायपुर का उद्घाटन।



जनरल आफिसर कमांडिंग मध्य भारत एरिया द्वारा राज्य के भूतपूर्व सैनिकों से भेंट।



सेना के प्रति जागरूकता हेतु आर्मी मेला।



जनरल आफिसर कमांडिंग मध्य भारत एरिया एवं छत्तीसगढ़ उड़ीसा सब एरिया कमांडर के साथ बैठक।



स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के सौजन्य द्वारा स्वेच्छा अनुदान।



सशस्त्र सेना झण्डा दिवस 2024 : माननीय राज्यपाल महोदय शहीदों की वीरंगानाओं/वीरनारियों के साथ

# छत्तीसगढ़ के सैनिक कल्याण कार्यालय




| ई.सी.एच.एस. पॉलीक्लिनिक | सी.एस.डी. कैंटिन | सैनिक विश्राम गृह |
|---|---|---|
| रायपुर, बिलासपुर, जगदलपुर जशपुर | रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, | रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, जगदलपुर, राजनांदगांव जशपुर, अम्बिकापुर, रायगढ़ * |

# सैनिक कल्याण अधिकारियों की संक्षिप्त जानकारी

| क्र.सं | नाम | तस्वीर | जिला सैनिक कल्याण कार्यालय | टेलीफोन एवं पता | ईमेल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ब्रिगेडियर विवेक शर्मा, विशिष्ट सेवा मेडल (सेवानिवृत) |  | संचालनालय सैनिक कल्याण छत्तीसगढ़ | 07712445165<br>07712960621 फैक्स नं.<br>शास्त्री चौक के पास, मोतीबाग रोड, रायपुर 492001 | dirsw.cg@gmail.com |
| 2 | कैप्टन (भा.नौ.) उमेद सिंह चारण, नौसेना पदक (सेवानिवृत) |  | अम्बिकापुर<br>(सरगुजा, बलरामपुर, सूरजपुर) | 07774-221721<br>मिशन चौक उत्तरी रिंग रोड सिद्धिविनायक मार्ग सरगुजा | dswoambikapur@gmail.com |
| 3 | कमांडर रणजीत सिंह बिष्ट (सेवानिवृत) |  | बैकुण्ठपुर<br>(मनेन्द्रगढ़- चिरमिरी-भरतपुर) | 07836-234021<br>कलेक्ट्रेट परिसर के कक्ष क्रमांक 55 | dswo.bkpur@gmail.com |
| 4 | कमांडर हरीश चन्द्र तिवारी (सेवानिवृत) |  | बिलासपुर<br>(कोरबा, जांजगीर-चाँपा, मुंगेली,गौरेला-पेड्रा-मारवाही) | 07752-422121<br>कलेक्ट्रेट परिसर बिलासपुर | zsk.bsp.cg@gmail.com |
| 5 | ग्रुप कैप्टन प्रवीण कुमार ढोबले (सेवानिवृत) |  | दुर्ग<br>(कबीरधाम, बालोद, बेमेतरा) | 0788-2960199<br>रेल्व स्टेशन दुर्ग के नजदीक, रायपुर नाका, दुर्ग | dswodurg@gmail.com |
| 6 | विंग कमांडर जे पी पात्रो (सेवानिवृत) |  | जगदलपुर<br>(कोडांगाँव, सुकमा, दन्तेवाड़ा, नारायणपुर, बीजापुर) | 07782-359253<br>चित्रकोट रोड़, धरमपुरा-2 जगदलपुर | dswojdp@gmail.com |
| 7 | कैप्टन (भा.नौ.) उमेद सिंह चारण, नौसेना पदक (सेवानिवृत) कार्यवाहक |  | जशपुर | 07647861831<br>स्टेट वेयर हाउस परिसर, चीर बगीचा जशपुर | jspdswo@gmail.com |
| 8 | कैप्टन (भा.नौ.) संजय शुक्ला, नौसेना पदक (सेवानिवृत) |  | कांकेर | 07587-455691<br>पुराना कचहरी परिसर, कांकेर | dswoknk@gmail.com |
| 9 | कर्नल आशीष पाण्डेय (सेवानिवृत) |  | रायगढ़ ( सारंगढ़ ) | 07762-223190<br>कलेक्ट्रेट परिसर रायगढ | dsworig@gmail.com |
| 10 | कैप्टन (भा.नौ.) अनिल कुमार शर्मा (सेवानिवृत) |  | रायपुर<br>(धमतरी, महासमुंद्र, बलोदा बाजार, गरीयाबंद) | 0771-2237449<br>मोतीबाग रोड, शास्त्री चौक रायपुर | dsworaipur@yahoo.com |
| 11 | ग्रुप कैप्टन ब्रिजेश कुमार शर्मा (सेवानिवृत) |  | राजनांदगांव<br>(मोहला-मानपुर-चौकी एवं खैरागढ़-छूईखदान-गंडाई) | 07744-299962<br>पी.डब्लू.डी विश्राम गृह के पास. रेल्वे स्टेशन रोड राजनांदगाव | dsworjn.cg@gmail.com |

# जिला सैनिक कल्याण कार्यालय : अम्बिकापुर

1. जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, अम्बिकापुर की स्थापना 15 अगस्त 2007 को हुई थी। इस कार्यालय के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत तीन जिले क्रमशः सरगुजा (अम्बिकापुर), बलरामपुर एवं सूरजपूर आते हैं। यह कार्यालय मिशन चौक उत्तरी रिंग रोड सिद्धिविनायक मार्ग (अम्बिकापुर) सरगुजा में स्थित हैं। कार्यालय का दूरभाष नम्बर 07774–221721 एवं ई–मेल आई डी– dswoambikapur@gmail.com हैं।




कार्यालय भवन



सैनिक विश्राम गृह

2. **जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, अम्बिकापुर में पंजीकृत भूतपूर्व सैनिक, विधवाओं एवं वीर नारी की जिलेवार संख्या निम्नानुसार है :–**

| क्रमॉक | जिला | भूतपूर्व सैनिक | विधवाए | वीर नारी | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| अ | सरगुजा | 190 | 51 | – | 241 |
| ब | सूरजपुर | 57 | 09 | – | 66 |
| स | बलरामपुर | 112 | 30 | 02 | 144 |
| | कुल | 359 | 90 | 02 | 451 |

3. **जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, अम्बिकापुर के शहीदों की जानकारी निम्नानुसार हैं :–**

| स. क. | शहीद सैनिक का नाम | युनिट / रेजिमेंट | उत्तराधिकारी (NOK) | वीरगति प्राप्त होने की तिथि | ऑपरेशन का नाम | फोटो |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | हवलदार लाजरस मिंज, सेना मेडल | 7 बिहार | श्रीमती रजोलिया करकेट्टा (पत्नी) | 24 जून 1989 | ऑपरेशन पवन 1989 |  |
| ब | सिपाही राम सहाय राम | 15 महार | श्रीमती कमला देवी (पत्नी) | 21 दिसम्बर 1991 | ऑपरेशन मेघदूत 1991 |  |

4. **वर्ष 2023–24 की महत्वपूर्ण गतिविधियाँ** :–

(अ) **एक पेड़ माँ के नाम (मुहिम)**. एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम के दौरान जिला सैनिक कल्याण अधिकारी व पुर्व सैनिक संगठन सरगुजा द्वारा वृक्षारोपण किया गया।

(ब) **कारगिल विजय दिवस**. 26 जुलाई 2024 को भूतपूर्व सैनिकों, विधवाओं एवं आश्रितों के साथ कारगिल विजय दिवस का आयोजन किया गया तथा सभी के द्वारा 1999 में कारगिल युद्ध के शहीद सैनिको को श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया गया।

(स) **सम्मान निधि**. समामेलित विशेष निधि के अतर्गत प्रदान कि जाने वाली आर्थिक सहायता की जानकारी प्रदान कर पात्र हितग्राहियों को जिला सैनिक कल्याण अधिकारी के द्वारा आर्थिक सहायता से लाभान्वित किया गया।

(द) **मासिक सैनिक सम्मेलन**. प्रत्येक माह भूतपूर्व सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया जाता है। भूतपूर्व सैनिकों, विधवाओं एवं उनके आश्रितों को समस्त प्रकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक बताया जाता है एवं उनकी समस्याएं सुन निदान किया जाता है।

(ड) **सशस्त्र सेना झण्डा दिवस**. 07 दिसम्बर 2023 को जिला सैनिक कल्याण कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में पुलिस अधीक्षक सरगुजा की अध्यक्षता में सशस्त्र सेना झण्डा दिवस मनाया गया जिसमें 45 भूतपूर्व सैनिक और उनके परिजन शामिल हुए।



**एक पेड़ माँ के नाम**




**कारगिल विजय दिवस**



**सम्मान निधि**



**मासिक सैनिक सम्मेलन**



**स्वतंत्रता दिवस रैली एवं परेड**



**संचालक द्वारा अम्बिकापुर का दौरा**

# जिला सैनिक कल्याण कार्यालयः बैकुण्ठपुर (कोरिया)

1. जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, बैकुण्ठपुर की स्थापना 15 अगस्त 2007 को हुई थी। इस कार्यालय के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत दो जिले क्रमशः बैकुण्ठपुर (कोरिया) तथा मनेन्द्रगढ-चिरमिरी-भरतपुर आते हैं। वर्तमान में यह कार्यालय कलेक्टोरेट परिसर के कक्ष क्रमांक 55 से संचालित है। कार्यालय का दूरभाष नम्बर 07836.234021 एवं ई-मेल आई डी- dswo.bkpur@gmail.com हैं।



कार्यालय भवन



कार्यालय

2. जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, बैकुण्ठपुर में पंजीकृत भूतपूर्व सैनिक, विधवाओं एवं वीर नारी की जिले-वार संख्या निम्नानुसार हैंः-

| क्रं. | जिला | भूतपूर्व सैनिक | विधवाएं | वीर नारी | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| अ | कोरिया | 61 | 11 | - | 72 |
| ब | मनेन्द्रगढ-चिरमिरी-भरतपूर | 69 | 07 | - | 76 |
| | कुल | 130 | 18 | - | 148 |

3. वर्ष 2023-24 की महत्वपूर्ण गतिविधिया :-

(अ) सैनिकों के परिवार से मुलाकात . जिले के अंतर्गत निवासरत सभी सैन्य परिवारों से व्हाटसएप/दूरभाष के द्वारा तथा भ्रमण के दौरान समस्त पूर्व सैनिकों/सैन्य परिवारों से जीवन्त सम्पर्क बनाकर उनकी समस्याओं का निराकरण एवं कल्याणकारी योजनाओं का आदान-प्रदान किया जा रहा है।

(ब) हर घर तिंरगा पूर्व वर्ष की भंति हर घर तिंरगा कार्यक्रम के दौरान सभी पूर्व सैनिकों को तिरंगा फहराने एवं पड़ोसियों को भी ऐसा करने हेतु प्रेरित किया गया जिसके परिणाम सकारात्मक रहे है।

(स) दाह संस्कार कार्यक्रम . दिवंगत पूर्व सैनिक (स्व) प्रियेश कुमार को सम्मान पूर्वक अंतिम विदाई दी गई।

(द) असामाजिक/ विवाद/ प्रशासनिक सहयोग. पूर्व सैनिकों की भूमि संबंधी विवाद/असामाजिक तत्वों द्वारा परेशान करने पर प्रशासनिक सहयोग से विवाद का निराकरण किया गया।

(च) अनुदान राशि जिले के अंतर्गत निवासरत एक मात्र द्वितीय विश्व युद्ध की सैनिक की विधवा से प्रतिमाह जीवन्त संपर्क बनाये रखा गया है।

(छ) <u>भारतीय सेना के प्रति जागरूकता</u> . स्थानीय शासकीय विद्यालय एवं कालेज पहुंच कर अध्ययनरत छात्रों को भारतीय सेना के प्रति जागरूक एवं भर्ती हेतु प्रोत्साहित किया गया।

(ज) <u>सशस्त्र सेना झण्डा दिवस</u> . पूर्व सेना झण्डा दिवस के अवसर पर स्थानीय विधायक, कलेक्टर, प्रधान न्यायाधीश अधीक्षक एवं गणमान्य नागरिकों को लेपल पिन लगाया गया।



सशस्त्र सेना झण्डा दिवस पर वीरमाता का सम्मान



सशस्त्र सेना झण्डा दिवस पर वीरमाता का सम्मान



वीरपरिवार का सम्मान



नागरिकों के साथ सशस्त्र सेना दिवस एवं वृक्षारोपण



वयोवृद्ध भूतपूर्व सैनिक को सम्मान निधि



स्वतंत्रता दिवस समारोह

# जिला सैनिक कल्याण कार्यालयः बिलासपुर

1. जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, बिलासपुर की स्थापना मई 1979 को हुई थी। इस कार्यालय के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत छः जिले क्रमशः बिलासपुर, कोरबा, जाँजगीर-चांपा, सक्ती, गोरेला-पेन्ड्रा-मारवाही एवं मुंगेली है। यह कार्यालय कलेक्टोरेट परिसर बिलासपुर में स्थिति हैं। कार्यालय का दूरभाष नम्बर 0775-2422121 एवं ई-मेल आई डी - zsk.bsp.cg@gmail.com है।



एकीकृत सैनिक भवन




सैनिक विश्राम गृह



सी.एस.डी. केन्टीन



पॉलीक्लिनिक

2. जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, बिलासपुर में पंजीकृत भूतपूर्व सैनिक, विधवाओं एवं वीर नारी की जिले वार संख्या निम्नानुसार हैंः-

| क्रं. | जिला | भूतपूर्व सैनिक | विधवाएं | वीर नारी | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| अ | बिलासपुर | 644 | 180 | 01 | 825 |
| ब | जांजगीर-चांपा | 554 | 85 | 01 | 640 |
| स | कोरबा | 170 | 55 | - | 225 |
| द | मुंगेली | 56 | 19 | - | 75 |
| च | गोरेला-पेन्ड्रा-मारवाड़ी | 21 | 2 | - | 23 |
| छ | सक्ती | 06 | 2 | - | 08 |
| | कुल | 1451 | 343 | 02 | 1796 |

3. जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, बिलासपुर के शहीदों की जानकारी निम्नानुसार हैंः-

| स.क. | शहीद सैनिक का नाम | युनिट/ रेजीमेंट | उत्तराधिकारी (NOK) | वीरगति प्राप्त होने की तिथि | ऑपरेशन का नाम | फोटो |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | सवार धनंजय सिंह राजपूत | 24 राष्ट्रीय रायफल्स, 64 कैवलरी | श्री पोशागीलाल | 16 जुलाई 2001 | ऑपरेशन रक्षक |  |
| ब | लान्स नायक वीरेन्द्र कुमार कैवर्त | 62 राष्ट्रीय रायफल्स, 225 मीडियम रेजीमेंट | श्रीमती ज्योति कैवर्त (पत्नी) | 15 सितम्बर 2006 | ऑपरेशन रक्षक |  |
| स | मेजर आशीष कुमार दुबे | 43 राष्ट्रीय रायफल्स, 20 राजपुताना राइफल्स | श्रीमती अर्चना दुबे (पत्नी) | 06 मई 2003 | ऑपरेशन रक्षक |  |

4. वर्ष 2023-24 की महत्वपूर्ण गतिविधियाँ :- .

(अ) शहीद दिवस. शहीद सवार धनंजय सिंह राजपूत एवं शहीद लांस नायक वीरेंद्र कुमार कैवर्त को उनके गृह ग्राम में पूर्व सैनिकों के साथ शहीद सैनिकों की मूर्ति पर पुष्प चक्र से श्रद्धांजलि अर्पित की गई एवं शहीद के माता-पिता का सम्मान किया गया।

(ब) एक पेड़ माँ के नाम. दिनांक 30 सितंबर 2024 को जिला सैनिक कार्यालय एवं ग्राम पंचायत परसदा तहसील तखतपुर के संयुक्त तत्वाधान में 'एक पेड़ माँ के नाम' के तहत ग्राम पंचायत परिसर में माध्यमिक विद्यालय परसदा, वन विभाग के कर्मचारी एवं स्थानीय पूर्व सैनिकों द्वारा 140 फलदार पौधों का रोपण किया गया।

(स) सशस्त्र सेना झण्डा दिवस. दिनांक 07 दिसंबर 2023 को सशस्त्र सेना झण्डा दिवस समारोह का आयोजन अतिरिक्त कलेक्टर श्री आर ए कुरवंशी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया।

(द) योग दिवस. दिनांक 21 जून 2024 अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन जिला सैनिक कल्याण कार्यालय के प्रांगण में किया गया।

(च) कारगिल विजय दिवस. दिनांक 26 जुलाई 2024 - कारगिल विजय दिवस समारोह का आयोजन जिला सैनिक कल्याण कार्यालय द्वारा जिलाधीश श्री अवनीश कुमार शरण (भा. प्र. से) के अध्यक्षता में किया गया। श्री आर ए कुरवंशी अतिरिक्त कलेक्टर एवं श्री आर पी चौहान मुख्य कार्यालय अधिकारी जिला पंचायत बिलासपुर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

(छ) स्वच्छता अभियान. दिनांक 01 अक्टूबर 2024 को ग्राम देवरी, तहसील- तखतपुर में जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, ग्राम पंचायत देवरी एवं माध्यमिक विद्यालय देवरी के सौजन्य से ग्राम देवरी में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत स्वच्छता अभियान चलाया गया। साथ ही विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा स्वच्छता संदेश हेतु विभिन्न विधाओं में प्रस्तुति दी गई।

(ज) अग्निवीर भर्ती प्रशिक्षण. एस डी एम कॉलेज मुँगेली, जे पी वर्मा कॉलेज, डी पी विप्रा कालेज बिलासपुर एवं शासकीय महाविधालय मस्तुरी में अग्निवीर भर्ती रैली कार्यशाला में छात्रों को सशस्त्र सेना में भर्ती होने के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

(झ) नवीन ई सी एच एस पॉलीक्लिनिक भवन निर्माण. दिनांक 29 दिसंबर 2023 को नवीन ई सी एच एस पॉलीक्लिनिक भवन का निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ।



शहीद सवार धनंजय सिंह राजपूत को श्रद्धांजलि



एक पेड़ माँ के नाम



शहीद लांस नायक वीरेन्द्र कुमार कैवर्त के माता पिता का सम्मान



लेफ्टिनेन्ट जनरल पद्म सिंह शेखावत अति विशिष्ट सेवा मेडल, सेना मेडल जीओसी मध्य भारत का दौरा



मासिक सैनिक सम्मेलन



कारगिल विजय दिवस

# जिला सैनिक कल्याण कार्यालयः दुर्ग

1. जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, दुर्ग की स्थापना 01 अप्रेल 1988 को हुई थी एवं स्थाई कार्यालय में 07 जुलाई 2007 को स्थानांतरित हुआ। इस कार्यालय के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत चार जिले क्रमशः दुर्ग, कबीरधाम, बालोद, एवं बेमेतरा आते हैं। यह कार्यालय रेलवे स्टेशन दुर्ग के नजदीक, रायपुर नाका, दुर्ग छ.ग. में स्थित हैं।

   कार्यालय का दूरभाष नम्बर 0788-2960199 एवं ई-मेल आईडी- dswodurg@gmail.com हैं।



कार्यालय भवन



सैनिक विश्राम गृह



सी.एस.डी. कैन्टीन

2. जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, दुर्ग में पंजीकृत भूतपूर्व सैनिक, विधवाओं एवं वीर नारी की जिले वार संख्या निम्नानुसार हैंः-

| क्र. | जिला | भूतपूर्व सैनिक | विधवाएं | वीर नारी | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| अ | दुर्ग | 2167 | 274 | 05 | 2446 |
| ब | कबीरधाम | 34 | 04 | - | 38 |
| स | बलोद | 395 | 31 | - | 426 |
| द | बेमेतरा | 77 | 06 | - | 83 |
| | कुल | 2673 | 315 | 05 | 2993 |

3. जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, दुर्ग के शहीदों की जानकारी निम्नानुसार हैंः-

| स.क. | शहीद सैनिक का नाम | युनिट/ रेजीमेंट | उत्तराधिकारी (NOK) | वीरगति प्राप्त होने की तिथि | ऑपरेशन का नाम | फोटो |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | **नायक कौशल यादव, वीर चक्र** | 9 पैरा एस एफ | श्रीमती निशा यादव (पत्नी) | 25 जुलाई 1999 | ऑपरेशन विजय |  |
| ब | **सिपाही सुरजीत सिंह, सेना मेडल,** | 6 बिहार | श्रीमती शारदा देवी (माता) | 18 फरवरी 1991 | ऑपरेशन मेघदूत |  |

| स.क. | शहीद सैनिक का नाम | युनिट/ रेजीमेंट | उत्तराधिकारी (NOK) | वीरगति प्राप्त होने की तिथि | ऑपरेशन का नाम | फोटो |
|---|---|---|---|---|---|---|
| स | **सिपाही डी. राजा राव** | 15 महार | श्रीमती लक्ष्मी बाई (माता) | 31 दिसम्बर 1991 | ऑपरेशन मेघदूत |  |
| द | **हवलदार हीराधर प्रसाद ठाकुर** | 15 बिहार | श्रीमती कविता ठाकुर (पत्नी) | 17 अगस्त 2010 | ऑपरेशन मेधदूत |  |
| च | **गनर चुम्मन यादव** | 28 राष्ट्रीय राइफल्स, 108 फील्ड रेजीमेंट | श्रीमती राधा यादव (माता) | 30 अगस्त 2014 | ऑपरेशन रक्षक |  |
| छ | **दुर्वासा लाल निषाद** | 5021 ए एस सी बटालियन | श्री मुन्नी लाल निषादराज (पिता) | 04 सिप्तम्बर 1998 | ऑपरेशन रक्षक |  |
| ज | **सी.एफ.एन. राजेश्वर मांझी** | 139 फील्ड वर्कशॉप सिगनल | श्रीमती राधिका देवी (पत्नी) | 05 नवम्बर 1988 | ऑपरेशन पवन |  |
| झ | **नायक युवराज सिंह,** | 13 पंजाब | श्रीमती अर्चना ठाकुर (पत्नी) | 13 जुलाई 2020 | यु.एन. मिशन साऊथ सुडान |  |
| ट | **ले. कर्नल कपिल देव पाण्डे** | 107 इन्फेन्ट्री बटालियन (टी ए ) | ले. कर्नल छवि अरोड़ा (पत्नी) | 30 जून 2022 | ऑपरेशन हिफाजत |  |
| ठ | **लेफ्टिनेंट अरविंद दीक्षित** | **इंजीनियर्स** | -- | 20 दिसम्बर 1971 | आपरेशन केक्टस लिली |  |
| ढ | **सिपाही नरेन्द्र शर्मा** | **8 गार्डस** | अविवाहित | 24 नवम्बर 1971 | इन्डो-पाक युद्व |  |

4. वर्ष 2023-24 की महत्वपूर्ण गतिविधियाँ :-

(अ) नेत्र शिविर. 27 फरवरी 2024 को निःशुल्क नेत्र शिविर आयोजित किया गया।

(ब) विश्व रक्तदान दिवस. जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, दुर्ग मे 14 जून 2024 को विश्व रक्तदान दिवस आयोजित किया गया।

(स) योग दिवस. जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, दुर्ग में 23 जून 2024 को विश्व योग दिवस आयोजित किया गया।

(द) शहादत दिवस. 24 जूलाई 2024 को नायक कौशल यादव वीर चक्र और सिपाही चुम्मन यादव का शहादत दिवस मनाया गया जिस अवसर पर जिला सैनिक कल्याण कार्यालय के अधिकारी और कर्मचारियो ने पुष्पांजली अर्पित की।

(च) सम्मान निधि. भूतपूर्व सैनिकों को सम्मान निधि राशि के तहत आर्थिक सहायता प्रदान की गई।

(छ) मासिक सैनिक सम्मेलन. हर माह सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया गया।



शहादत दिवस नायक कौशल यादव वीर चक्र को पुष्पांजली अर्पण



सिपाही चुम्मन यादव को पुष्पांजली अर्पण



निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर



मासिक सैनिक सम्मेलन



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



सम्मान निधि प्रस्तुतिकरण

# जिला सैनिक कल्याण कार्यालयः जगदलपुर

1. जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, जगदलपुर की स्थापना जनवरी 2006 को हुई थी। इस कार्यालय के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत छः जिले बस्तर, कोण्डागांव, दंतेवाडा, नारायणपुर, बीजापुर, एवं सुकमा आते हैं। यह कार्यालय चित्रकोट रोड़, धरमपुरा-2, जगदलपुर (छ.ग.) में स्थित हैं। कार्यालय का दूरभाष नम्बर 07782-359253 / 881077820 एवं ई-मेल आई डी- dswojdp@gmail.com हैं।



कार्यालय भवन



सैनिक विश्राम गृह

2. जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, जगदलपुर में पंजीकृत भूतपूर्व सैनिक, विधवाओं एवं वीर नारी की जिलेवार संख्या निम्नानुसार हैः-

| क्रं. | जिला | भूतपूर्व सैनिक | विधवाएं | वीर नारी | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| अ | बस्तर | 62 | 19 | 01 | 82 |
| ब | कोण्डागांव | 60 | 10 | - | 70 |
| स | दंतेवाड़ा | 19 | 01 | - | 20 |
| द | नारायणपुर | 10 | 02 | - | 12 |
| च | बीजापुर | 05 | 07 | - | 12 |
| छ | सुकमा | 04 | 01 | - | 05 |
| | कुल | 160 | 40 | 01 | 201 |

3. जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, जगदलपुर के शहीदों की जानकारी निम्नलिखित हैः-

| स.क. | शहीद सैनिक का नाम | युनिट/ रेजीमेंट | उत्तराधिकारी (NOK) | वीरगति प्राप्त होने की तिथि | ऑपरेशन का नाम | फोटो |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | **कॉरपोरल निलेश कुमार नयन** | गरूड़ स्पेशल फोर्स यूनिट, (वायु सेना) | श्रीमती मिन्शा नयन (पत्नी) | 11 अक्टूबर 2017 | ऑपरेशन बांदीपुर |  |

4. वर्ष 2023-24 की महत्वपूर्ण गतिविधियाँ :-

(अ) स्पर्श जीवन प्रमाण. वृद्ध एवं असमर्थ पूर्व सैनिक एवं पूर्व सैनिकों की विधवा पेंशन भोगियों के निवास स्थान में जाकर जीवन प्रमाण पत्र भरने की शुरूआत की गई।

(ब) हर घर तिरंगा. हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत सभी पूर्व सैनिकों को तिरंगा फहराने एवं पड़ोसियों को भी प्रेरित किया गया जिसके सकारात्मक परिणाम रहे हैं।

(स) वृक्षारोपण. पूर्व सैनिकों से उनके रिक्त भूमि पर फलदार/छायादार वृक्षारोपण हेतु प्रेरित किया गया।

(द) कारगिल विजय दिवस. कारगिल विजय दिवस के अवसर पर शहीद महेंद्रकर्मा विश्वविद्यालय ने पूर्व सैनिकों को विशेष अतिथि के रूप में सम्मानित किया। कालेज में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को सेना के बलिदान एवं महत्व के बारे में बताते हुये सेना में भर्ती होकर अपना योगदान देने हेतु प्रोत्साहित किया।

(इ) सशस्त्र सेना झण्डा दिवस सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के अवसर पर स्थानीय विधायक, कलेक्टर, प्रधान न्यायाधीश, पुलिस अधीक्षक एवं गणमान्य व्यक्तियों को लेपल पिन लगाया गया।

(फ) बॉयोमेट्रिक उपकरण प्रदान. ब्रिगेडियर विवेक शर्मा, व्ही.एस.एम. (से.नि.) संचालक सैनिक कल्याण (छ.ग.) द्वारा सैनिक वाटिका जगदलपुर का उद्घाटन किया गया तथा पूर्व सैनिकों की सुविधा हेतु जीवन प्रमाण पत्र ऑनलाईन जमा करने हेतु बॉयोमेट्रिक आवश्यक उपकरण प्रदान किया।

(य) दौरा. ब्रिगेडियर अमन आनंद, कोसा कमांडर ने जिला सैनिक कल्याण कार्यालय जगदलपुर का दौरा किया तथा उपस्थित पूर्व सैनिकों से रूबरू हुये।

(र) फ्लेम. कोण्डागांव जिले में पूर्व सैनिकों के दस्तावेज में सुधार, अवलोकन एवं FLAME में ऑन-लाइन पंजीकरण हेतु विशेष अभियान का सफल आयोजन किया।

(ल) भारतीय सेना के प्रति जागरूक. कांकेर जिले के छात्र-छात्राओं जो कि सेना, वायु-सेना, नौ सेना तथा राज्य के पुलिस बल में भर्ती होकर सेवा प्रदान करना चाहते हैं, ने दौरा किया तथा उन्हें सेना के तीनों बलों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान किया।

(व) योग दिवस. विश्व योग दिवस का कार्यालय परिसर में आयोजन किया गया तथा योग द्वारा स्वास्थ्य को मिलने वाले लाभों से अवगत कराया।

(श) पेंशन. एक लंबे अथक प्रयास के पश्चात श्रीमती शांती देवी पत्नि स्व. पूर्व सैनिक जोगी राम, जिला-नारायणपुर एवं श्रीमती डोलो रोसा उरसूला टिर्की, पत्नि स्व. पूर्व सैनिक नायक ऐडवर्ड एक्का को संबंधित अभिलेख कार्यालय से पारिवारिक पेंशन जारी करवाया गया।

(ख) अनुकंपा नियुक्ति. श्रीमती बबीता दत्ता स्व. समीर दत्ता की अनाथ पुत्री की ई.सी.एच.एस. पॉलीक्लिनिक जगदलपुर में अनुकंपा नियुक्ति हुई।

(स) स्वतंत्रता दिवस. श्री विजय शर्मा, गृहमंत्री, श्री पी. सुंदरराज (भारतीय पुलिस सेवा), पुलिस महानिरीक्षक, श्री विजय दयाराम के. (भारतीय प्रशासनिक सेवा), जिला कलेक्टर, श्री शलभ सिन्हा, (भारतीय पुलिस सेवा), पुलिस अधीक्षक जगदलपुर आदि विशेष महत्वपूर्ण अतिथियों के साथ लाल बाग 'परेड ग्राउंड' जगदलपुर में स्वतंत्रता दिवस मनाया।

(ह) अलंकरण समारोह. सक्सेस कॉन्वेंट हायर सेकेण्ड्री स्कूल के अलंकरण समारोह के अवसर पर विशेष अतिथि के रूप उपस्थित होकर सेना के शौर्य तथा पराक्रम के विषय पर छात्र-छात्राओं को बताया तथा सेना में शामिल होकर अपना योगदान देने हेतु प्रोत्साहित किया।




कारगिल विजय दिवस के अवसर पर शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय पर कुलपति द्वारा पूर्व सैनिकों का सम्मान



पूर्व सैनिकों के दस्तावेज में सुधार, अवलोकन तथा फ्लेम में ऑनलाईन पंजीकरण



जि.सै.क.का., जगदलपुर में सैनिक वाटिका का उद्घाटन



सशस्त्र सेना झंडा दिवस




अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



वृक्षारोपण अभियान

# जिला सैनिक कल्याण कार्यालयः जशपुर

1. जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, जशपुर की स्थापना 20 जून 2005 को हुई थी। इस कार्यालय के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत केवल एक जिला जशपुर आता है। यह कार्यालय स्टेट वेयर हाउस परिसर, चीर बगीचा, जशपुर, छ.ग. में स्थित है। कार्यालय का दूरभाष नम्बर 07647861831 एवं ई-मेल आईडी- jspdswo@gmail.com हैं।




कार्यालय भवन




विश्राम गृह




पॉलीक्लिनिक

2. जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, जशपुर में पंजीकृत भूतपूर्व सैनिक, विधवाओं एवं वीर नारी की जिलेवार संख्या निम्नानुसार हैं :-

| क्रं. | जिला | भूतपूर्व सैनिक | विधवाएं | वीर नारी | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| अ | जशपुर | 683 | 345 | 03 | 1031 |

3. जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, जशपुर के शहीदों की जानकारी निम्नानुसार हैं:-

| स.क. | शहीद सैनिक का नाम | युनिट/ रेजीमेंट | उत्तराधिकारी (NOK) | वीरगति प्राप्त होने की तिथि | ऑपरेशन का नाम | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | सिपाही सिमोन केरकेट्टा | 9 बिहार | श्रीमती तर्शा केरकेट्टा (पत्नी) | 15 सितम्बर 1966 | ऑपरेशन सिक्योरिटी |  |
| ब | हवलदार राजेश बारा | 4 बिहार | श्रीमती लरेंशिया लकरा, (पत्नी) | 17 अप्रेल 2002 | ऑपरेशन रक्षक |  |
| स | सिपाही अशोक राम भगत | 18 बिहार | श्रीमती दिप्ती एलिश भगत, (पत्नी) | 25 नवम्बर 2020 | स्नो लेपर्ड (भारत, चीन सीमा पूर्वी सिक्किम) |  |

4. वर्ष 2023-24 की महत्वपूर्ण गतिविधियाँ :-

(अ) जीवन प्रमाण. भूतपूर्व सैनिक एवं परिवार पेंशनर का शतप्रतिशत जीवन प्रमाण कार्यालय में जमा किया।

(ब) योग दिवस. विश्व योग दिवस का कार्यालय परिसर में आयोजन किया गया तथा योग द्वारा स्वास्थ्य को मिलने वाले लाभों से अवगत कराया।

(स). मासिक सैनिक सम्मेलन. हर माह सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया गया।

(द). वृक्षारोपण. पूर्व सैनिकों से उनके रिक्त भूमि पर फलदार/छायादार वृक्षारोपण हेतु प्रेरित किया गया।

(क) आर्थिक सहायता. जिला प्रशासन के सहायोग से दिनांक 15.12.2023 सैनिक सम्मेलन का आयोजन एवं विकलांग भूतपूर्व सैनिकों को व्हील चेयर, श्रवण यंत्र एवं वाकिंग स्टीक (छड़ी) वितरण किया गया।



विकलांग भूतपूर्व सैनिकों को व्हील चेयर, श्रवण यंत्र एवं वाकिंग स्टीक



भूतपूर्व सैनिकों का सम्मेलन



मासिक बैठक में जिला प्रशासन से डिप्टी कलेक्टर एवं ओ.आई.सी. ई.सी.एच.एस. का आगमन



संचालक, सैनिक कल्याण (छ.ग.) द्वारा कार्यालय का वार्षिक दौरा एवं जशपुर कलेक्टर से भेट



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



कार्यालय परिसर में भूतपूर्व सैनिकों द्वारा वृक्षारोपण

# जिला सैनिक कल्याण कार्यालयः कांकेर

1. जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, कांकेर की स्थापना 15 अगस्त 2012 को हुई थी। इस कार्यालय के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत केवल एक जिला कांकेर आता है। यह कार्यालय पुराना कचहरी परिसर, कांकेर छ.ग. में स्थित हैं। कार्यालय का दूरभाष नम्बर 0787455691 एवं ई-मेल आईडी-dswoknk@gmail.com हैं।




कार्यालय भवन

2. जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, कांकेर में पंजीकृत भूतपूर्व सैनिक, विधवाओं एवं वीर नारी की जिलेवार संख्या निम्नानुसार हैंः-

| क्रं. | जिला | भूतपूर्व सैनिक | विधवाएं | वीर नारी | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| अ | कांकेर | 259 | 32 | 03 | 295 |

3. जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, कांकेर के शहीदों की जानकारी निम्नानुसार हैंः-

| स.क. | शहीद सैनिक का नाम | युनिट/ रेजीमेंट | उत्तराधिकारी (NOK) | वीरगति प्राप्त होने की तिथि | ऑपरेशन का नाम | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | सिपाही गणेश राम, सेना मेडल | 16 बिहार | श्रीमती जागेश्वरी बाई (माता) | 16 जून 2020 | आपरेशन गलवान घाटी |  |
| ब | सुबेदार मेजर हरी राम तारम | 109 इन्फेन्ट्री बिग्रेड (बिहार रेजिमेन्ट) | श्रीमती कुन्ती तारम (पत्नी) | 07 नवम्बर 2020 | आपरेशन रक्षक |  |
| स | नायक मोती राम | ए एस सी | श्रीमती पद्मावती आचले (पत्नी) | 25 फरवरी 2023 | नक्सली हमला |  |

4. वर्ष 2023-24 की महत्वपूर्ण गतिविधियॉं :-

(अ) झंडा दिवस और विजय दिवस 15 दिसम्बर 2023 को झंडा दिवस और विजय दिवस के अवसर पर जिलाधीश, पुलिस अधीक्षक, जिला पंचायत सीईओ एवं नगर के गणमान्य नागरिकों को लेकर झंडा दिवस और विजय दिवस मनाया गया था।

(ब) पौधारोपण 14 फरवरी 2024 शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय, राजापारा, कांकेर के विद्यालय परिसर में शिक्षकों एवं छात्र छात्राओं एवं भूतपूर्व सैनिकों की उपस्थिति में पौधारोपण का कार्याक्रम का आयोजन किया गया जिसमें दिव्यांग साधना सर्वा, पुत्री, भूतपूर्व सैनिक नायक दिनेश सर्वा, को जिला समाज कल्याण विभाग कांकेर के द्वारा प्राप्त व्हील चेयर को कैप्टन (भा.नौ.) संजय शुक्ला, एन.एम. (से.नि.) के द्वारा दिया गया ।

(स) अनुग्रह राशि प्रदान 14 मार्च 2024 राज्य सैनिक बोर्ड के नवनिर्मित विश्राम गृह भवन में माननीय मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी के द्वारा वीरनारियों का सम्मान समारोह में सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर शहीद नायक मोती राम आचले की पत्नी श्रीमति पदमावती आचले को 20 लाख का अनुग्रह राशि प्रदान किया गया ।

(द) निःशुल्क नेत्र जाँच शिविर 21 मार्च 2024 श्री गणेश विनायक आई अस्पताल रायपुर द्वारा भूतपूर्व सैनिकों /विधवाओं एवं उनके आश्रितों का निःशुल्क नेत्र जाँच शिविर का आयोजन किया गया था । नेत्र जाँच शिविर में कुल 95 भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों ने नेत्र जांच का लाभ उठाया, तथा वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया।

(च) अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2024 को जिला सैनिक कल्याण कार्यालय कांकेर में मनाया गया इस अवसर पर उपस्थित सभी भूतपूर्व सैनिकों को योग से होने वाली शारिरिक लाभ के बारे में समझाया गया एवं प्रत्येक को दैनिक योगाभ्यास करने का सुझाव दिया गया ।

(छ) कारगिल विजय दिवस 26 जुलाई 2024 कारगिल विजय दिवस के कार्यक्रम को कार्यालय अधीक्षक, कांकेर के शहीद स्मारक में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया । इस अवसर पर जिलाधीश, पुलिस अधीक्षक, जिला पंचायत सीईओ. एवं नगर के गणमान्य नागरिकों को लेकर कारगिल विजय दिवस मनाया गया शहीदों को याद करते हुए उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित की जिसमें कार्यालय के कर्मचारियों के साथ साथ 35 भूतपूर्व सैनिकों ने भाग लिया ।

(ज) हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत जिला सैनिक कल्याण अधिकारी के साथ कार्यालय कर्मचारियों, नगर के गणमान्य नागरिकों एवं जिले के भूतपूर्व सैनिकों एवं परिजनों द्वारा बाईक रैली का आयोजन किया गया था।

(झ) स्वच्छता अभियान : महात्मा गांधी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में स्वच्छता अभियान का कार्यक्रम रखा गया था । इस द्वौरान कार्यालय परिसर मे साफ सफाई की गई और साथ ही सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया गया था। आयोजन में अधिकतम भूतपूर्व सैनिकों ने भाग लिया था।


कारगिल विजय दिवस


निःशुल्क नेत्र जाँच शिविर


अनुग्रह राशि प्रदान


स्वच्छता पखवाड़ा एवं वृक्षारोपण



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस


भूतपूर्व सैनिक सम्मेलन

# जिला सैनिक कल्याण कार्यालयः राजनाँदगाँव

1. जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, राजनाँदगाँव की स्थापना 01 अगस्त 1989 को हुई थी। इस कार्यालय के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत तीन जिलें राजनाँदगाँव, मोहला-मानपुर-चौकी एवं खैरागढ़-छुईखदान-गंडाई आते हैं।यह कार्यालय पी. डब्लू. डी. विश्राम गृह के पास, रेल्वे स्टेशन रोड में स्थित हैं। कार्यालय का दूरभाष नम्बर 07744-299962 एवं ई-मेल आई डी- dsworjn.cg.@gmail.com हैं।




कार्यालय भवन



सैनिक विश्रामगृह

2. जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, राजनाँदगाँव में पंजीकृत भूतपूर्व सैनिक, विधवाओं एवं वीर नारी की जिले -वार संख्या निम्नानुसार हैं:-

| क्रं. | जिला | भूतपूर्व सैनिक | विधवाएं | वीर नारी | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| अ | राजनाँदगाँव | 211 | 24 | - | 235 |
| ब | मोहला-मानपुर-चौकी | 18 | 05 | - | 23 |
| स | खैरागढ़-छूईखदान-गंडाई | 23 | 03 | - | 26 |
| | कुल | 252 | 32 | | 284 |

4. वर्ष 2023-24 की महत्वपूर्ण गतिविधियाँ :-

(अ) मासिक भूतपूर्व सैनिक सम्मेलन . प्रत्येक माह भूतपूर्व सैनिकों के कल्याणार्थ बैठक की जाती है। दिनांक 21 मार्च 2023 को इस सम्मेलन में जिले के अपर कलेक्टर श्री सी.एल.मार्कण्डेय की अध्यक्षता तथा भूतपूर्व सैनिकों एवं आश्रितों की उपस्थिति में सपन्न हुआ।

(ब) अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह 21 जून 2024 को मनाया गया।

(स) विशेष सैनिक सम्मेलन 22 अगस्त 2023 इसका आयोजन ब्रिगेडियर विवेक शर्मा व्ही.एस.एम (सेवानिवृत्त) संचालक सैनिक कल्याण छ.ग. रायपुर एवं जिले के संचालक महोदय द्वारा वरिष्ठ सैनिको एवं सैन्य विधवाओं को सम्मानित किया गया।

(द) नि:शुल्क रक्त दान शिविर 14 जून 2024 को शासकीय चिकित्सालय, राजनांदगांव में नि:शुल्क रक्त दान में भूतपूर्व सैनिकों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया, इस आयोजन में सैनिकों ने मानवता का परिचय देते हुए रक्तदान कर दूसरों की जिंदगी बचाने का संकल्प लिया।

(च) सशस्त्र सेना झंडा दिवस इस अवसर पर कलेक्टर राजनांदगांव, की उपस्थिति में समस्त उपस्थित जनों को झंडा

4. **वर्ष 2023-24 की महत्वपूर्ण गतिविधियाँ :-**

(अ) **<u>मासिक भूतपूर्व सैनिक सम्मेलन</u> .** प्रत्येक माह भूतपूर्व सैनिकों के कल्याणार्थ बैठक की जाती है। दिनांक 21 मार्च 2023 को इस सम्मेलन में जिले के अपर कलेक्टर श्री सी.एल.मार्कण्डेय की अध्यक्षता तथा भूतपूर्व सैनिकों एवं आश्रितों की उपस्थिति में सपन्न हुआ।




कलेक्टर राजनांदगांव की उपस्थिति में सशस्त्र सेना झंडा दिवस का आयोजन



कलेक्टर राजनांदगांव की उपस्थिति में सैनिक सम्मेलन का आयोजन




निःशुल्क रक्त दान शिविर का आयोजन




द्वितीय विश्व युद्ध की सैन्य विधवा एवं भूतपूर्व सैनिक को आर्थिक अनुदान राशि प्रदान



योग दिवस का आयोजन



भूतपूर्व सैनिक सम्मेलन

# जिला सैनिक कल्याण कार्यालयः रायगढ़

1. जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, रायगढ़ की स्थापना 15 अगस्त 2012 को क्वार्टर नम्बर एक्स- 06 मोदीनगर बोईरदादर रायगढ़ छ.ग. में हुई थी। इस कार्यालय के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत जिला रायगढ़ एवं सांरगढ़ - बिलाईगढ़ आता है। वर्तमान में यह कार्यालय कलेक्टोरेट परिसर में कलेक्टर रायगढ़ द्वारा अस्थायी रूप से 28 अक्टूबर 2015 से कार्य कर रहा है। कार्यालय का दूरभाष नम्बर 07762-223190 एवं ई-मेल आई डी- dsworig@gmail.com हैं।




कार्यालय भवन




वैकल्पिक सैनिक विश्राम गृह

2. जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, रायगढ़ में पंजीकृत भूतपूर्व सैनिक, विधवाओं एवं वीरनारी की जिलेवार संख्या निम्नानुसार हैं:-

| क्रं. | जिला | भूतपूर्व सैनिक | विधवाएं | वीरनारी | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| अ | रायगढ़ | 156 | 38 | - | 194 |
| ब | सारंगढ़ | 52 | 02 | - | 54 |
| | कुल | 208 | 40 | - | 248 |

3. जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, रायगढ़ के शहीदों की जानकारी निम्नानुसार हैं:-

| स.क. | शहीद सैनिक का नाम | युनिट/ रेजीमेंट | उत्तराधिकारी (NOK) | वीरगति प्राप्त होने की तिथि | ऑपरेशन का नाम | फोटो |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | कर्नल विप्लव त्रिपाठी | 02 कुमांऊ/46 असम रायफल्स | श्रीमती आशा त्रिपाठी (माता) | 13 नवम्बर 2021 | ऑपरेशन हिफाजत |  |
| ब | सिपाही कारनेलियस मिंज | 15 बिहार | - | 18 जनवरी 1989 | ऑपरेशन पवन |  |

4. वर्ष 2023-24 की महत्वपूर्ण गतिविधियाँ:-

(क) सशस्त्र सेना झण्डा दिवस . 07 दिसम्बर 2023 सशस्त्र सेना झण्डा दिवस जिला कलेक्टर श्री कार्तिकेय गोयल, आई.ए.एस. की अध्यक्षता में दिनांक 07 दिसम्बर 2023 को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सशस्त्र सेना झण्डा दिवस मनाया गया।

(ख) वेटरन्स डे . वेटरन्स डे 18 जनवरी 2024 को कलेक्टोरेट सृजन हाल में अतिरिक्त कलेक्टर सुश्री संतनदेवी जागड़े की अध्यक्षता में पूर्व सैनिक दिवस (वेटरन्स डे) मनाया गया।

(ग) वार्षिक निरीक्षण . 02 फरवरी 2024 : कार्यालय का वार्षिक निरीक्षण दिनांक 02 फरवरी 2024 को संचालक सैनिक कल्याण छत्तीसगढ़, रायपुर (छ.ग.) के द्वारा इस कार्यालय का वार्षिक निरीक्षण किया गया।

(घ) मूर्ति का अनावरण . 02 फरवरी 2024 : शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी के मूर्ति का अनावरण दिनांक 02 फरवरी 2024 को मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय द्वारा किया गया, इसमें वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी, कोसा कमाण्डर एवं स्टाफ एवं संचालक, संचालनालय सैनिक कल्याण छत्तीसगढ़, भूतपूर्व सैनिक एवं रायगढ़वासी उपस्थित थे।

(ङ) दौरा . 20 मई 2024 : कोसा कमाण्डर बिग्रेडियर अमन आनन्द, व्हीएसएम का रायगढ़ दौरा दिनांक 20 मई 2024 को एवं भूतपूर्व सैनिक सम्मेलन लिया गया। सम्मेलन में पूर्व सैनिकों की समस्याओं एवं मांगो पर सहमति देते हुए जल्द से जल्द से पूरा करने का आश्वासन दिया गया।

(च) योग दिवस . : विश्व योग दिवस 21 जून 2024 को पातांजली योग पीठ के गुरू के मार्गदर्शन में कमला नेहरू पार्क में विश्व योग दिवस का आयोजन किया गया।

(छ) कारगिल विजय दिवस . कारगिल विजय दिवस दिनांक 26 जूलाई 2024 को कारगिल चौक स्थित शहीद स्मारक पर माल्यार्पण कर शहीदों का पुण्य स्मरण कर श्रंद्धाजलि दिया गया। रोटरी क्लब, जे.एस.पी.एल. एन.सी.सी. केडेट्स तथा जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में कारगिल विजय दिवस मनाया गया।

(ज) नेत्र जाँच शिविर . 09 अक्टूबर 2024 कलेक्टर महोदय की अध्यक्षता में पूर्व सैनिकों का सम्मेलन, चिकित्सा एवं नेत्र जाँच शिविर कलेक्टोरेट सृजन कक्ष में हेडक्वार्टर कोसा के सौजन्य से एक दिवसीय चिकित्सा एवं नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। ई.सी.एच.एस. बिलासपुर, श्री गणेश विनायक नेत्रालय, रायपुर एवं जिला चिकित्सा अधिकारी, रायगढ़ की टीम द्वारा पूर्व सैनिकों एवं उनके परिजनों का जाँच किया गया। श्री गणेश विनायक नेत्रालय, रायपुर द्वारा निःशुल्क चश्मा एवं जिला चिकित्सा अधिकारी, रायगढ़ की टीम द्वारा दवा वितरण किया गया।



वीर शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी की मूर्ति प्रतिष्ठा



कारगिल विजय दिवस



हर घर तिरंगा बाईक रैली



निःशुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर रक्तदान शिविर एवं नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



कोसा कमाण्डर बिग्रेडियर अमन आनन्द व्हीएसएम का रायगढ़ दौरा

# जिला सैनिक कल्याण कार्यालयः रायपुर

1. जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, रायपुर की स्थापना सितम्बर 1967 को हुई थी। इस कार्यालय के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत पांच जिलें रायपुर, धमतरी, महासमुंद, गरियाबन्द एवं बलौदाबाजार आते हैं। यह कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के पास, मोतीबाग रोड़, शास्त्री चौक, रायपुर (छ.ग.) में स्थित हैं। कार्यालय का दूरभाष नम्बर 0771-2237449 एवं ई-मेल आई डी- dsworaipur@yahoo.com हैं।



कार्यालय भवन



सैनिक विश्राम गृह

2. जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, रायपुर में पंजीकृत भूतपूर्व सैनिक, विधवाओं एवं वीर नारी की जिलेवार संख्या निम्नानुसार हैः-

| क्र. | जिला | भूतपूर्व सैनिक | विधवाएं | वीर नारी | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| अ | रायपुर | 919 | 214 | 4 | 1137 |
| ब | धमतरी | 191 | 30 | - | 221 |
| स | महासमुंद | 169 | 52 | 1 | 222 |
| द | गरियाबंद | 139 | 23 | - | 162 |
| च | बलौदाबाजार | 30 | 05 | - | 35 |
| | कुल | 1448 | 324 | 05 | 1777 |

3. जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, रायपुर के शहीदों की जानकारी निम्नानुसार हैः-

| स.क. | शहीद सैनिक का नाम | युनिट/ रेजीमेंट | उत्तराधिकारी (NOK) | वीरगति प्राप्त होने की तिथि | ऑपरेशन का नाम | फोटो |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | लेफ्टिनेंट राजीव पाण्डे, वीर चक्र | 8 जैक लाई | श्रीमती शकुंतला पाण्डे (माता) | 29 मई 1987 | ऑपरेशन मेधदूत |  |
| ब | लेफ्टिनेंट पंकज विक्रम, सेना मेडल | 8 इंजीनियर रेजीमेंट | श्रीमती राहील विक्रम (माता) | 14 अगस्त 1987 | ऑपरेशन पवन |  |

| स.क. | शहीद सैनिक का नाम | युनिट/ रेजीमेंट | उत्तराधिकारी (NOK) | वीरगति प्राप्त होने की तिथि | ऑपरेशन का नाम | फोटो |
|---|---|---|---|---|---|---|
| स | **बलराम ध्रुव, सेना मेडल** | 4 राष्ट्रीय रायफल्स, 11 बिहार | श्रीमती माया ध्रुव (माता) | 26 मार्च 2003 | ऑपरेशन रक्षक |  |
| द | **मेजर वाई.जी गोरे लेफ्टीनेंट** | 26 इनफन्ट्री सिगनल रेजीमेंट | श्रीमती शकुंतला गोरे (पत्नी) | 15 सितम्बर 1965 | ऑपरेशन इन्डो-पाक युद्व |  |
| च | **मेजर एस.पी. दत्ता,** | 320 फील्ड एंबुलेंस | श्रीमती मीना दत्ता (पत्नी) | 31 अगस्त 1994 | UNSOSOM-II (सोमालीया) |  |
| छ | **हवलदार हेमलाल कौशिक** | 108 इनफन्ट्री बटालियन टी ए | श्रीमती बहुरमती (पत्नी) | 29 जनवरी 1987 | ऑपरेशन पवन |  |
| झ | **सिपाही योगेश्वर दास** | 404 इनफन्ट्री ट्रुप्स, ई.एम.ई | श्रीमती पंकजनी देवी (पत्नी) | 20 नवम्बर 1971 | इन्डो-पाक युद्व 1971 |  |
| ज | **गनर चिरंजीव बघेल** | आर्टिलरी | श्रीमती कुमारी बघेल (माता) | 19 मार्च 1996 | ऑपरेशन रक्षक |  |
| स | **गनर किशनलाल साहू** | आर्टिलरी | श्रीमती कुसुमलता साहू (पत्नी) | 09 फरवरी 2006 | ऑपरेशन रक्षक |  |
| र | **गनर केशव राम निषाद** | 107 ए डी आर्टी रेजीमेंट | श्रीमती निर्मला बाई निषाद (माता) | 10 अक्टूबर 2006 | ऑपरेशन रक्षक |  |
| ल | **सिपाही सुशील मशीह** | गार्ड रेजीमेंट | - | 14 दिसम्बर 1971 | इन्डो-पाक युद्व 1971 |  |
| व | **सिपाही मनीष कुमार** | मराठा लाईट इनफन्ट्री | श्रीमती शकुंतला (माता) | 28 दिसम्बर 2022 | ऑपरेशन मेधदूत |  |
| प | **हवलदार नवीन कुमार** | 14 इनफन्ट्रीडिव सिगनल रेजीमेंट | श्रीमती द्रौपति बाई (माता) | 11 अक्टूबर 2023 | उच्च तूंगता क्षेत्र |  |

4. **वर्ष 2023 - 24 की महत्वपूर्ण गतिविधियाँ :-**

(अ) मनोरंजन कक्ष का उद्घाटन . लेफ्टिनेंट जनरल पी एस शेखावत, अतिविशिष्ट सेवा मेडल, सेना मेडल, जी.ओ.सी. मध्य भारत एरिया द्वारा राज्य सैनिक बोर्ड एवं जिला सैनिक कल्याण कार्यालय रायपुर का 05 जनवरी 2024 को निरीक्षण किया तथा इसी अवसर पर नवीन सैनिक विश्राम गृह के तृतीय तल पर मनोरंजन कक्ष का उद्घाटन किया गया

(ब) वेटरन्स-डे समारोह . दिनांक 27 जनवरी 2024 को छ.ग. एवं उड़ीसा सब एरिया में वेटरन्स-डे मनाया गया जिसमें जिला सैनिक कल्याण कार्यालय रायपुर ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

(स) अग्निवीर में भर्ती प्रशिक्षण . दिनांक 20 फरवरी 2024 को छ.ग. के नवयुवकों को अग्निवीर में भर्ती हेतु माना आई.टी.आई. में प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई।

(द) सॉफ्टवेयर फ्लेम की ट्रेनिंग . राज्य सैनिक बोर्ड के अंतर्गत आने वाले सभी जिला सैनिक कल्याण बोर्ड के कल्याण संयोजको के लिए 05 मार्च 2024 को जीवन प्रमाण प्रत्र एवं फ्लेम की ट्रेनिंग कराई गई।

(च) निरीक्षण . दिनांक 11 मार्च 2024 को नवनियुक्त सब एरिया कमांडर ब्रिगेडियर अमन आनंद, विशिष्ट सेवा मेडल, छत्तीसगढ़ एवं उड़ीसा सब एरिया का निरीक्षण हुआ।

(छ) नवीन सैनिक विश्राम गृह का उद्घाटन . छ.ग. के मुख्यमंत्री माननीय श्री विष्णु देव साय जी के कर कमलों से नवीन सैनिक विश्राम गृह रायपुर छग का उद्घाटन 14 मार्च 2024 को किया गया।

(ज) रक्त दान शिविर का आयोजन . 14 जून 2024 को विश्व रक्तदान दिवस संचालनालय सैनिक कल्याण छ.ग. एवं जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, रायपुर द्वारा संयुक्त रूप से मनाया गया। इस कार्यक्रम में 70 लोगों के द्वारा रक्त दान किया गया।

(झ) अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस . 21 जून 2024 को 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस संचालनालय सैनिक कल्याण छ.ग. एवं जिला सैनिक कल्याण कार्यालय रायपुर द्वारा संयुक्त रूप से मनाया गया। इस योग दिवस में 60 सैन्य अधिकारी एवं भूतपूर्व सैनिकों ने भाग लिया।

(ट) कारगिल विजय दिवस . जिला सैनिक कल्याण कार्यालय रायपुर के अंतर्गत आने वाले विभिन्न जिलों में कारगिल विजय दिवस का आयोजन किया गया। 26 जुलाई 2024 को अभनपुर में एवं श्री आशुतोष अल्का अग्रवाल मंगल भवन, रायपुर के सभागृह में भूतपूर्व सैनिकों के द्वारा 28 जुलाई 2024 कारगिल विजय दिवस मनाया गया।

(ठ) वित्तप्रबंधन के बारे में एक सेमीनार . कोटक महेन्द्रा बैंक के सहयोग से वित्तप्रबंधन के बारे में एक सेमीनार का आयोजन भूतपूर्व सैनिको के लिये 11 अगस्त 2024 को किया गया।

(ड) हर घर तिरंगा मोटर साईकल रैली . 15 अगस्त 2024 को स्वतंत्रता दिवस संचालनालय सैनिक कल्याण छत्तीसगढ़ एवं जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, रायपुर द्वारा संयुक्त रूप से मनाया गया। हर घर तिरंगा कार्यक्रम के साथ ही मोटर साईकल रैली भी निकाली गई। इस में भूतपूर्व सैनिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

(ढ) वृक्षारोपण . शासकीय हायर सेकेन्ड्री स्कूल निमोरा तथा अभनपुर स्टेडियम में "एक वृक्ष मां के नाम" के तहत स्कूल के छात्रा- छात्राओं द्वारा वृक्षारोपण किया गया।

(ठ) सैनिक सम्मेलन जिलाधीश रायपुर . माननीय डॉ. गौरव कुमार सिंह (भा.प्र.से.) कलेक्टर, रायपुर द्वारा कलेक्टर मीटिंग हॉल में दिनांक 09 सितम्बर 2024 को भूतपूर्व सैनिकों के साथ मीटिंग आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा की गई।

क) आर्मी मेला . दिनांक 05, 06 एवं 07 अक्टूबर 2024 को राज्य शासन एवं छ.ग. तथा उड़ीसा सब एरिया के द्वारा साइंस कॉलेज ग्राउंड में आर्मी मेला का आयोजन किया गया, जिसमें राज्य सैनिक बोर्ड छ.ग. तथा जिला सैनिक कल्याण

## 4. वर्ष 2023 - 24 की महत्वपूर्ण गतिविधियॉं :-



हर घर तिरंगा बाईक रैली



जिलाधीश रायपुर के द्वारा पूर्व सैनिक सम्मेलन



सभी भूतपूर्व सैनिक संघों का सम्मेलन/संगोष्ठी



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



शहीद परिवार से भेंट



वृक्षारोपण

# छत्तीसगढ़ के अमर शहीद

## भारत माता के वीर सपूत



मेजर वाई जी गोरे
(15 Sep 1965)
26 Inf Div Sig Regt
रायपुर
INDO-PAK, 1965



सिपाही सीमोन करकेट्टा
16 Oct 1966
9 BIHAR
रायपुर
MIZORAM, 1966



सिपाही नरेन्द्र शर्मा
24 Nov. 1971
8 GUARD
कबीरधाम
INDO-PAK, 1971



सिपाही योगेश्वर दास
(20 Nov 1971)
404 INF TPT
WKSP (EME)
रायपुर
INDO-PAK, 1971



सिपाही सुशील मसीह
(14 Dec 1971)
BDE OF GUARD
रायपुर
INDO-PAK, 1971



लेफ्टीनेंट अरविंद दीक्षित
(20 Dec 1971)
105 Engr Regt
दुर्ग
INDO-PAK, 1971



हबलदार हेमलाल कौशिक
(29 Jan 1987)
108 Inf Bn TA (Mahar)
रायपुर
OP PAWAN, 1987



लेफ्टीनेंट राजीव पाण्डे
वीर चक्र
(20 May 1987)
8 JAK LI
रायपुर
OP MEGHDOOT, 1987



लेफ्टीनेंट पंकज विक्रम
सेना मेडल
(14 Aug 1987)
MEG
रायपुर
OP,PAWAN, 1987



सिपाही राजेश्वर मांझी
(05 Nov 1988)
EME/139(i) FD WKSP
दुर्ग
OP PAWAN, 1988



सिपाही कार्नेलियस मिंज
(18 Jan 1989)
15 BIHAR
रायगढ़
OP PAWAN, 1989



हवलदार लाजरस मिंज
सेना मैडल
(23 Jan 1989)
7 BIHAR
अंबिकापुर
OP PAWAN, 1989



सिपाही रामसहाय राम
21 Dec 1991
15 MAHAR
अम्बिकापुर
OP MEGHDOOT, 1991



सिपाही सुरजीत सिंह
सेना मेडल
(18 Feb 1991)
6 BIHAR
दुर्ग
OP,MEGHDOOT, 1991



सिपाही डी राजा राव
(31 Mar1992)
15 MAHAR
दुर्ग
OP MEGHDOOT, 1992



मेजर एस. पी. दत्ता
(31 Aug 1994)
320 FD Amb
रायपुर
OP UNOSOM-II, 1994



गनर चिरंजीव बघेल
(19 Mar 1996)
ARTILERY
रायपुर
OP RAKSHAK, 1996



सिपाही दुर्वाशा लाल निषादराज
(04 Sep 1998)
ASC(MT)
दुर्ग
OP RAKSHAK, 1998



नायक कौशल यादव
वीर चक्र
(25 July 1999)
9 Para SF
दुर्ग
OP,VIJAY, 1999



सवार धनंजय सिंह राजपूत
(16 July 2001)
24 RR
बिलासपुर
OP PARAKRAM, 2001



हवलदार राजेश बारा
(17 Apr 2002)
4 BIHAR
जशपुर
OP PARAKRAM, 2002



सिपाही बलराम ध्रुव
सेना मेडल
(26 Mar 2003)
4, RR/11 BIHAR
रायपुर
OP RAKSHAK, 2003



मेजर आशीष कु. दुबे
(06 May 2003)
Raj Rifles
बिलासपुर
OP RAKSHAK, 2003



गनर किशनलाल साहू
(09 Feb 2006)
611(I) AD BDE
COMP (BTY)
रायपुर
OP RAKSHAK, 2006



लां. नायक विरेन्द्र
कु कैवर्त
(15 Sep 2006)
62 RR (DOGRA)
225 MED RGT
बिलासपुर



सिपाही केशवराम
निषाद
(10 Oct 2006)
25 RR/107AD
रायपुर
OP RAKSHAK, 2006



हवलदार हीराधर
प्रसाद ठाकुर
(17 Aug 2010)
15 BIHAR
दुर्ग
OP MEGHDOOT, 2010



गनर चुम्मन यादव
(30 Aug 2014)
28 RR दुर्ग
OP RAKSHAK, 2014



कार्पोरल निलेश नयन
शौर्य चक्र
(11 Oct 2017)
617 Garud Spl Force
जगदलपुर
Counter Insurgency at
Bandhipura 2017



सिपाही गणेश राम
कुंजाम
सेना मैडल
(15 Jun 2020)
16 BIHAR
कांकेर
INDO-CHINA, 2014



नायक युवराज सिंह
(13 Jul 2020 )
13 PUNJAB (jind)
दुर्ग
UN MISSION
REPUBLIC OF SUDAN



सुबेदार मेजर हरी
राम तारम
(07 Nov 2020)
HQ 109 Inf Bde, Bihar Regt
कांकेर
OP RAKSHAK



सिपाही अशोक भगत
(25 Nov 2020)
18 BIHAR
जशपुर
OP NORTHERN
BORDERS, SIKKIM



कर्नल विप्लव त्रिपाठी
(13 Nov 2021)
46 AR (2 KUMAON)
रायगढ़
OP HIFAZAT



लेफ्टीनेंट कर्नल
कपिल देव पांडे
(30 Jun 2022)
107 Inf Bn (TA)
दुर्ग
OP HIFAZAT



सिपाही मनीष कुमार
(28 Dec 2022)
22 Maratha Light
रायपुर
OP MEGHDOOT



नायक मोती राम
25 Feb. 2023
870 AT Coy ASC
कांकेर
Naxalite Attack 2023



हवलदार नवीन कुमार
(11 Oct 2023)
14 Inf Div Sig Regt
रायपुर
HIGH ALTITUDE

| ARMY | NAVY | AIR FORCE | TOTAL |
|---|---|---|---|
| 37 | - | 01 | 38 |
| OFFICERS | JCO | OR | TOTAL |
| 08 | 01 | 29 | 38 |

शहादत वह कीमत है,
जो हम आज़ादी के लिए चुकाते हैं
- जय हिन्द

# छत्तीसगढ़ के अमर शहीद

| क्रमांक | रैंक और नाम | यूनिट | ऑपरेशन का नाम | शहादत दिवस | युद्ध विधवाओं/आश्रित का नाम और पता | DSWO | दूरभाष/मो |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मेजर वाई.जी. गोरे | 26 Inf Div Sig Regt | Indo-Pak 1965 | 15-09-1965 | श्रीमती शकुंतला गोरे (पत्नी) पुत्र श्री के.जी. चिटनीश, सी-41, सेक्टर-2, देवेन्द्र नगर, रायपुर | रायपुर | 9406050456 7712255469 |
| 2 | सिपाही साइमन केरकेट्टा | 9 BIHAR | Mizoram 1966 | 16-10-1966 | श्रीमती तर्षा केरकेट्टा (पत्नी) ग्राम - रायगाटोली, डाकघर - चलमुंडा तह - कुनकुरी, जिला - जशपुर नगर (छ.ग.) | जशपुर | 9406264757 |
| 3 | सिपाही नरेन्द्र शर्मा | 8 GUARD | Indo-Pak 1971 | 24-11-1971 | (अविवाहित) श्री रामस्नेही शर्मा (पिता) ग्राम- दुल्लापुर, पोस्ट-रवेली, जिला- कबीरधाम (छ.ग.) | दुर्ग | 88394220032 |
| 4 | सिपाही योगेश्वर दास | 404 Inf Tpt Wksp (EME) | Indo-Pak 1971 | 20-11-1971 | श्रीमती पंकजनी देवी (पत्नी) ग्राम एवं डाकघर - सालेह तराई जिला - रायपुर (छ.ग.) | रायपुर | 9630753292 |
| 5 | सिपाही सुशील कुमार मसीह | Bde Of Guards | Indo – Pak 1971 | 14-12-1971 | श्री पावेल माशी (पिता), मचकुरी लाइन्स रोड, जिला- बलौदा बाजार (सीजी) | रायपुर | 9826188157 |
| 6 | लेफ्टिनेंट अरविंद दीक्षित | 105 Eng Regt | Indo – Pak 1971 | 20-12-1971 | (अविवाहित) श्री हरि शंकर दीक्षित, दुकान नंबर 93ए मार्केट, सेक्टर 10, भिलाई जिला दुर्ग सीजी | दुर्ग | ----- |
| 7 | हवलदार हेम लाल कौशिक | 108 Inf Bn TA (Mahar) | OP PAWAN 1987 | 29-01-1987 | श्रीमती बहुरमती (पत्नी) ग्राम एवं डाकघर - झबडी तह - कसडोल तह एवं जिला - रायपुर (छ.ग.) | रायपुर | 7598416602 9691438602 |
| 8 | लेफ्टिनेंट राजीव पांडे, वीर चक्र | 8 JAK LI | OP MEGHDOOT 1987 | 20-05-1987 | श्रीमती शकुंतला पांडे (माता)220, समता कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.) | रायपुर | 9926533449 9407755910 |
| 9 | लेफ्टिनेंट पंकज विक्रम, सेना मेड़ल | MEG | OP PAWAN 1987 | 14-08-1987 | श्रीमती राहिल विक्रम (माता) पंकज भवन, पंचशील रोड सिविल लाइन्स, रायपुर (छ.ग.) | रायपुर | 9702082437 |
| 10 | सीएफएन राजेश्वर माझी | EME/139 (I) Fd Wksp Signal Gp | OP PAWAN 1988 | 05-11-1988 | श्रीमती राधिका देवी (पत्नी) शर्मा आश्रम लेबर कॉलोनी पोस्ट-कुर्सीपार, सेक्टर-1, भिलाई जिला-दुर्ग (छ.ग.) | दुर्ग | 9889687993 9229992324 |
| 11 | सिपाही कार्नेलियस मिंज | 15 BIHAR REGT | OP PAWAN | 18-01-1989 | श्रीमती कादी कुजूर (माता) ग्राम - पखनाकोट, डाकघर - सुपकालो तह - धनजयगढ़, जिला - रायगढ़ (छ.ग.) | रायगढ़ | 772840776 8120239962 6260321433 |
| 12 | हवलदार लाजरस मिंज, सेना मेड़ल | 7 BIHAR | OP PAWAN 1989 | 23-06-1989 | श्रीमती राजोलिया करकेट्टा (पत्नी) ग्राम एवं थाना- बलरामपुर जिला-सरगुजा (छ.ग.) | अंबिकापुर | 9753326949 |
| 13 | सिपाही रामसहाय राम | 15 MAHAR | OP MEGHDOOT 1991 | 21-12-1991 | श्रीमती कमला देवी (पत्नी) ग्राम - कलकल्ला (पूर्व), डाकघर कौमी जिला - सरगुजा (छ.ग.) | अंबिकापुर | 8959468592 |
| 14 | सिपाही सुरजीत सिंह, सेना मेड़ल | 6 BIHAR | OP MEGHDOOT 1991 | 18-02-1991 | श्रीमती शारदा देवी (माँ) एलआईजी-1182, एमपीएचबी कॉलोनी जिला - दुर्ग (छ.ग.) | दुर्ग | 9479053052 7882383177 |
| 15 | सिपाही डी राजा राव | 15 MAHAR | OP MEGHDOOT 1992 | 31-03-1992 | श्रीमती लक्ष्मी बाई (माँ) क्वार्टर ई-67, एमपीईबी कॉलोनी, भिलाई-3, जिला-दुर्ग (सीजी) | दुर्ग | 9926266250 |
| 16 | मेजर सत्य प्रताप दत्ता | 320 Fd Amb | OP UNOSOM-II 1994 | 31-08-1994 | श्रीमती मीन दत्ता (पत्नी)38, शंकर नगर, रायपुर – 492007 (सीजी) | रायपुर | 9426546280 7712420023 |
| 17 | गनर चिरंजीव कुमार बघेल | Artillery | OP RAKSHAK 1996 | 19-03-1996 | श्रीमती कुमारी बघेल (माता) ग्राम एवं पो० - पथोरी तह एवं जिला - रायपुर (छ.ग.) | रायपुर | 9755182491 |
| 18 | सिपाही दुर्वासा लाल निषादराज | ASC (MT) | OP RAKSHAK 1998 | 04-09-1998 | श्री मुन्नी लाल निषादराज (पिता) मकान नंबर एफ-26, एम.पी.आर.बी. कॉलोनी भिलाई, दुर्ग (छ.ग.) | दुर्ग | 9993970503 |
| 19 | नायक कौशल यादव, वीर चक्र | 9 PARA SF | OP VIJAY 1999 | 25-07-1999 | श्रीमती निशा यादव (पत्नी) एमआईजी-1/608, हुडको, भिलाई जिला - दुर्ग (छ.ग.) | दुर्ग | 7886534607 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 20 | धनजय सिह राजपूत | 24 RR | RAKSHAK 2001 | 16-07-2001 | श्री पोशागी लाल (पिता) ग्राम एवं डाकघर पांडरभट्टा तह - मुगेली जिला - बिलासपुर (छ.ग.) | बिलासपुर | 9300818952 7755285055 |
| 21 | हवलदार राजेश बारा | 4 BIHAR | OP PARAKRAM 2002 | 17-04-2002 | श्रीमती लोरेन्सिया लकड़ा (पत्नी) ग्राम एवं डाकघर - बराकलोंडा तह एवं जिला - जशपुर नगर छ.ग.) | जशपुर | 9304720260 |
| 22 | सिपाही बलराम ध्रुव, सेना मेड़ल | 4 RR/11 BIHAR | OP RAKSHAK 2003 | 26-03-2003 | श्रीमती माया ध्रुव (माँ) ग्राम एवं डाकघर - भेंड्री तह एवं जिला - धमतरी (छ.ग.) | रायपुर | 9755182491 |
| 23 | मेजर आशीष कुमार दुबे | RAJ RIF | OP RAKSHAK 2003 | 06-05-2003 | श्रीमती अर्चना मिश्रा (पत्नी) पुत्री श्री जी.सी. मिश्रा कोरिया कोलियरी, पीओ कोरिया कोलियरी में, जिला - कोरिया (सी.जी.) | बिलासपुर | 9479169014 |
| 24 | गनर किशन लाल साहू | 611(I) AD Bde Comp (Bty)/Ex-328 Lt AD Regt (Comp) | OP RAKSHAK 2006, | 09-02-2006 | श्रीमती कुसुमलता साहू (पत्नी) ग्राम-भेन्द्रा तह-कुरुद जिला-धमतरी (छ.ग.) | रायपुर | 9981268179 7722209646 |
| 25 | लांसनायक वीरेंद्र कुमार कैवर्त | 62 RR (DOGRA)/ 225 Med Rgt | OP RAKSHAK 2006 | 15-09-2006 | श्रीमती ज्योति कैवर्त (पत्नी) वीपीओ - नरगोदा, तह - मस्तूरी, जिला - बिलासपुर (सीजी) पिन - 495950 | बिलासपुर | 9752656192 |
| 26 | गनर केशव राम निषाद | 25 RR/107 AD Regt | OP RAKSHAK 2006 | 10-10-2006 | श्रीमती निर्मला बाई निषाद (माता) ग्राम - भवरमरा, डाकघर - अरौद, तह एवं जिला - धमतरी (छ.ग.) | रायपुर | 9702082437 |
| 27 | हवलदार हीराधर प्रसाद ठाकुर | 15 BIHAR | OP MEGHDOOT (SIACHEN GLACIER) | 17-08-2010 | श्रीमती कविता ठाकुर (पत्नी) ग्राम - जोरातराई डाकघर - भाटागांव आर, तह - गुंडरदेही, जिला - दुर्ग (छ.ग.) | दुर्ग | 9685213201 |
| 28 | गनर चुम्मन यादव | 28 Rashtriya Rifles PU-108 Fd Regt | OP RAKSHAK (Kargil) | 30-08-2014 | श्रीमती राधा यादव (मां) वार्ड नंबर 17, छावनी बस्ती, पोस्ट ऑफिस - लाइट इंडस्ट्रियल एरिया, भिलाई तहे और जिला - दुर्ग (सीजी) 490026 | दुर्ग | 8602379168 8109716231 |
| 29 | कॉर्पोरल नीलेश कुमार नयन, शौर्य चक्र | 617 Garud Spl Force | Counter insurgency at Bandipora | 11-10-2017 | श्रीमती मिनशा नयन (पत्नी) मदर टेरेसा वार्ड खेंडेलवाल मिल के पीछे जगदलपुर (बस्तर) छ.ग. | जगदलपुर | 9988775811 |
| 30 | सिपाही गणेश राम, सेना मेड़ल | 16 BIHAR | Indo-China clash | 15-06-2020 | श्रीमती जागेश्वरी बाई (माँ) मकान नं. 03, स्कूल पारा, वार्ड नं. 8 गिधाली, तह-चारामा, जिला-कांकेर | कांकेर | 9370011084 7058502208 |
| 31 | नायक युवराज सिंह | 13 PUNJAB (JIND) | UN Mission Republic of Sudan | 13-07-2020 | श्रीमती अर्चना ठाकुर (पत्नी) ग्राम - पाहंदा, डाकघर - करेला, तेहे-पाटन, जिला - दुर्ग (सीजी) 491223 | दुर्ग | 9109658138 |
| 32 | सुबदार मेजर हरि राम ताराम | HQ 109 Inf Bde,Bihar Regt | OP Rakshak | 07-11-2020 | श्रीमती कुंती ताराम (पत्नी) ग्राम-टी एल्गारा, डाकघर-लखनपुरी, जिला-कांकेर (छ.ग.) पिन-494336। | कांकेर | 8349550895 7089918475 |
| 33 | सिपाही अशोक राम भगत | 18 BIHAR | OP Northern Borders, Sikkim | 25-11-2020 | श्रीमती दीप्ति एलिस भगत (पत्नी) ग्राम-कसीरा, डाकघर/पीएस/जिला-जशपुर | जशपुर | 9770031388 |
| 34 | कर्नल विप्लव त्रिपाठी | 46 AR (2 KUMAON) | OP Hifazat | 13-11-2021 | श्रीमती आशा त्रिपाठी (माता) मकान नंबर-75, किरोड़ीमल कॉलोनी रायगढ़ | रायगढ़ | 9826129747 |
| 35 | लेफ्टिनेंट कर्नल कपिल देव पांडे | 107 Inf Bn (TA) 11GR | OP Hifazat | 30-06-2022 | लेफ्टिनेंट कर्नल छवि पांडे (पत्नी), मकान नंबर - 63/1, काली बाड़ी के पास, नेहरू नगर भिलाई, जिला- दुर्ग, सीजी | दुर्ग | 9599386205 |
| 36 | सिपाही मनीष कुमार | 22 MARATHA LI | OP MEGHDOOT | 28-12-2022 | श्रीमती शकुंतला (माता) वार्ड क्रमांक-15, ग्राम-खरेंगा, दमतरी, रायपुर छ.ग. | रायपुर | 7987668346 |
| 37 | नायक मोती राम | 807 AT Coy ASC | NAXAL ATTACK | 25-02.2023 | श्रीमती पदमावती अचले (पत्नी), ग्राम- बड़े तेवड़ा, पोस्ट- आमाबेड़ा, जिला-कांकेर छ.ग. | कांकेर | 9691571817 |
| 38 | हवलदार नवीन कुमार | 14 Inf Div Sig Regt | High Altitude | 11-10-2023 | श्रीमती द्रुपति बाई (माताजी), अल्दा, तिल्दा, रायपुर | रायपुर | 9407929569 6260991502 |



भारत माता के वीर सपूत
छत्तीसगढ़ के शौर्य अलंकरण विजेता
लेफ्टिनेंट राजीव पाण्डेय, वीरचक्र (मरणोपरांत) रायपुर 8 JAK LI OP PAWAN 1987
लेफ्टिनेंट पंकज विक्रम, सेना मेडल (मरणोपरांत) रायपुर MEG OP PAWAN 1987
हवलदार लाजरस मींज, सेना मेडल (मरणोपरांत) बिलासपुर 7 BIHAR OP PAWAN 1989
विंग कमांडर अतानु गुरु वीरचक्र रायगढ AIR FORCE OP PAWAN 1990
कर्नल हरीश अरोरा सेना मेडल रायपुर ARTILLERY MEGHDOOT 1990
सिपाही सुरजीत सिंह सेना मेडल (मरणोपरांत) दुर्ग 6 BIHAR MEGHDOOT 1992
नायक कौशल यादव वीरचक्र (मरणोपरांत) दुर्ग 9 PARA SF OP VIJAY 1999
लेफ्टिनेंट कर्नल प्रणब कुमार लहरी सेना मेडल रायपुर AMC OP VIJAY 2001
मेजर संजीव कुमार मंडल सेना मेडल बिलासपुर 5 JAK LI OP VIJAY 2001
सिपाही बलराम ध्रुव सेना मेडल (मरणोपरांत) रायपुर 4 RR/11 BIHAR OP RAKSHAK 2004
सिपाही सुभाष सिंह चन्द्रे सेना मेडल बिलासपुर 6 MAHAR OP RAKSHAK 2004
कैप्टन विनीत बाजपई सेना मेडल रायपुर 2/1 GR OP VIJAY 1999
मेजर सुदीप कुमार मिश्रा सेना मेडल रायपुर 64 ASLT Engr Regt OP RAKSHAK 2005
कर्नल हरीन्दर सिंह युद्ध सेवा मेडल दुर्ग 41 RR/MLI OP RAKSHAK 2004
ग्रुप कैप्टन पंकज जयसवाल वायु सेना मेडल (वीरता) रायपुर Air force RESCUE MISSION GARHWAL HIMALAYAS
ग्रुप कैप्टन पी एम विठाल्कर वायु सेना मेडल बिलासपुर Air force OP RAKSHAK 2006
मेजर विनीत बाजपई सेना मेडल रायपुर 140 Armd Bde OP RAKSHAK 2007
मेजर अमोल मोने सेना मेडल बिलासपुर Corps of signal / 16 Assam Rifles OP RAKSHAK 2007
कार्पोरल निलेश कुमार नयन शौर्य चक्र (मरणोपरांत) जगदलपुर IAF,Garud OP RAKSHAK 2017
सिपाही गणेश राम कुंजाम सेनामेडल (मरणोपरांत) कांकेर 16 BIHAR Indo China clash

# शौर्य अलंकरण विजेता : छत्तीसगढ़

| क्र. | अलंकरण प्राप्तकर्ता का नाम | रेजिमेंट | अलंकरण की तिथि | अलंकरण का नाम | सैन्य कार्यवाही का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | लेफ्टिनेंट राजीव पांडेय | 8 जैक लाई | 26.01.1988 | वीर चक्र (मरणोपरांत) | ऑपरेशन पवन 1987 |
| 2 | लेफ्टिनेंट पंकज विक्रम | एम ई जी | 16.01.1988 | सेना मेडल (मरणोपरांत) | ऑपरेशन पवन 1987 |
| 3 | कर्नल हरीश अरोरा | आर्टलरी | 26.01.1990 | सेना मेडल | ऑपरेशन रक्षक मेघदूत |
| 4 | लेफ्टिनेंट कर्नल प्रनब कुमार लहरी | चिकित्सा | 26.01.2001 | सेना मेडल | ऑपरेशन विजय |
| 5 | सिपाही बलराम ध्रुव | 4 राष्ट्रीय राइफल | 26.01.2004 | सेना मेडल | ऑपरेशन रक्षक |
| 6 | मेजर सुदीप कुमार मिश्रा | 64 इंजिनियर | 15.07.2005 | सेना मेडल | ऑपरेशन रक्षक |
| 7 | मेजर विनीत वाजपेयी | 140 आर्मड ब्रिगेड | 15.07.2007 | सेना मेडल | - |
| 8 | कार्पोरल निलेश कुमार नयन | वायु सेना | 11.10.2017 | शौर्य चक्र | बांदीपूरा में जबाबी कार्यवाही 2017 |
| 9 | सिपाही सुरजीत सिंह | 6 बिहार | 26.01.1992 | सेना मेडल (मरणोपरांत) | ऑपरेशन मेघदूत |
| 10 | नायक कौशल यादव | 9 पैरा एस एफ | 26.01.2000 | वीर चक्र (मरणोपरांत) | ऑपरेशन विजय 1999 |
| 11 | कर्नल हरिन्दिर सिंह | 41 राष्ट्रीय राइफल | 26.01.2005 | युद्ध सेवा मेडल | ऑपरेशन रक्षक 2004 |
| 12 | मेजर अमोल मोने | 823 सिंगनल | 15.07.2009 | सेना मेडल | ऑपरेशन रक्षक 2004 |
| 13 | मेजर संजीव कुमार मंडल | 5 जैक लाई | 26.01.2001 | सेना मेडल | ऑपरेशन विजय 2000 |
| 14 | कैप्टेन विनीत वाजपेयी | 2/1 गार्डस | 15.07.2005 | सेना मेडल | ऑपरेशन रिहनों |
| 15 | हवलदार लाजरस मिंज | 7 बिहार | 16.07.1989 | सेना मेडल (मरणोपरांत) | ऑपरेशन पवन 1989 |
| 16 | ग्रुप कैप्टन पी एम विठलकर | 416 वायु सेना स्टेशन | 26.01.2006 | वायु सेना मेडल | ऑपरेशन रक्षक 2006 |
| 17 | सिपाही सुभाष चन्द्र | 6 महार | 26.01.2004 | सेना मेडल | ऑपरेशन रक्षक 2004 |
| 18 | सिपाही गणेश राम | 16 बिहार | 15.01.2020 | सेना मेडल | इण्डो-चीन लड़ाई |
| 19 | विंग कमाण्डर अतानु गुरू | वायु सेना | 26.01.1990 | वीर चक्र | - |

# शहीदों का जीवन परिचय

## 1



| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | न., रैंक और नाम | : | **आई सी 8685, मेजर, यशवंत गोविन्द गोरे** |
| 2. | नियुक्ति की तिथि | : | 09 जून 1957 |
| 3. | यूनिट | : | 26 इंन्फ्रेट्री संभाग सिगनल रेजीमेन्ट (26IDSR) |
| 4. | ऑपरेशन | : | भारत पाक युद्ध 1965 |
| 5. | पत्नी का नाम | : | श्रीमती शकुंतला गोरे |
| 6. | माता का नाम | : | श्रीमती शांता बाई गोरे |
| 7. | पिता का नाम | : | श्री गोविंद शदाशिव गोरे |
| 8. | घर का पता | : | सी. 41, सेक्टर 2, देवेन्द्रनगर, रायपुर (छ.ग.) |
| 9. | मोबाईल नं. (एन.ओ.के.) | : | 9406050456 |
| 10. | शहादत दिवस | : | **15 सितम्बर 1965** |

छत्तीसगढ़ माटी के वीर सपूत मेजर यशवंत गोविन्द गोरे जो 1957 में सिगनल कोर (भारतीय थल सेना) में भर्ती हुए थे । मेजर यशवंत गोरे सन 1965 के भारत–पाक युद्ध के दौरान सियालकोट सेक्टर में दिनांक 15 सितम्बर 1965 को मातृभूमि की अखंडता एवं स्वतंत्रता की रक्षा करते हुए वीरगति को प्राप्त हो गये थे । भारत सरकार ने उन्हें उनकी कर्तव्य निष्ठा पर बलिदानी घोषित किया । उनके अदम्य साहस और समर्पण को देश हमेशा याद करता रहेगा ।

## 2



| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | न., रैंक और नाम | : | **4241258, सिपाही सिमोन केरकेट्टा** |
| 2. | यूनिट | : | 9 बिहार |
| 3. | ऑपरेशन का नाम | : | मिजोरम होस्टीलिटिस 1996 |
| 4. | पत्नी का नाम | : | श्रीमती तार्शा केरकेट्टा |
| 5. | माता का नाम | : | श्रीमती फुलमनी केरकेट्टा |
| 6. | पिता का नाम | : | श्री सहदेवा केरकेट्टा |
| 7. | घर का पता | : | बैगाटोली (घटगुण्डा) तह.-कुनकुरी, जिला-जशपुर/ छत्तीसगढ़ |
| 8. | मोबाईल नं. (एन.ओ.के.) | : | 7489065374 |
| 9. | शहादत दिवस | : | **16 अक्टूबर 1966** |

शहीद सिपाही सिमोन केरकेट्टा ग्राम – बैगाटोली, तहसील – कुनकुरी, जिला – जशपुर के निवासी थे। आप भारतीय थल सेना के 9 बिहार रेजीमेंट में पदस्थ थे। अक्टूबर 1966 में आप उत्तर पूर्व क्षेत्र में मिजोरम होस्टीलिटिस के समय अपनी जान की परवाह न करते हुए देश की रक्षा में, अदम्य साहस का परिचय दिया तथा दुश्मन की गोली लगने से बुरी तरह से जख्मी हुए एवं 16 अक्टूबर 1966 को वीरगति को प्राप्त हुए। उनके अदम्य साहस और समर्पण को देश हमेशा याद करता रहेगा ।

## 3



| | | |
|---|---|---|
| 1. | न., रैंक और नाम | : **13667087, सिपाही नरेन्द्र शर्मा** |
| 2. | यूनिट | : 8 गार्ड |
| 3. | ऑपरेशन का नाम | : भारत - पाक युद्ध 1971 |
| 4. | पत्नी का नाम | : अविवाहित |
| 5. | माता का नाम | : स्व. श्रीमती केवरा शर्मा |
| 6. | पिता का नाम | : स्व. श्री रामस्नेही शर्मा |
| 7. | घर का पता | : ग्राम-दुल्लापुर पो- रवेली, जिला कबीरधाम (छ.ग.) |
| 8. | मोबाईल नं. (एन.ओ.के.) | : 8839422032 |
| 9. | शहादत दिवस | : **24 नवम्बर 1971** |

छत्तीसगढ़ माटी के वीर सपूत सिपाही नरेन्द्र शर्मा का जन्म 12 दिसम्बर 1951 को ग्राम -दुल्लापुर, पोस्ट- रवेली, जिला- कबीरधाम (छ.ग.) में हुआ था ।11 जनवरी 2071 को ब्रिगेड ऑफ गार्ड की युनिट 8 गार्ड में भर्ती हुए। भारत-पाक युद्ध 1971 के दौरान ये दुश्मनों से लोहा लेते हुए वीरगति को प्राप्त हुए थे। शहीद सिपाही नरेन्द्र शर्मा ने अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए राष्ट्र के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया।

## 4



| | | |
|---|---|---|
| 1. | न., रैंक और नाम | : **7068473, सिपाही योगेश्वर दास** |
| 2. | भर्ती दिनांक | : 20 मई 1963 |
| 3. | यूनिट | : 404 इन्फन्ट्री ट्रुप वर्कशॉप |
| 4. | ऑपरेशन का नाम | : भारत पाक युद्ध 1971 |
| 5. | पत्नी का नाम | : श्रीमती पंकजनी देवी |
| 6. | माता का नाम | : श्रीमती जलमती दास |
| 7. | पिता का नाम | : श्री रामचन्द्रदास |
| 8. | घर का पता | : ग्राम -बरतीयाभाटा, वार्ड नं. 2, तह.-बसना, जिला -महासमुन्द (छ.ग.) |
| 9. | मोबाईल नं. (एन.ओ.के.) | : 9630753292 |
| 10. | शहादत दिवस | : **20 नवम्बर 1971** |

छत्तीसगढ़ के वीर सपूत सिपाही योगेश्वर दास सेना के 404 इन्फेन्टरी टूप वर्क शाप में कार्यरत थे। वें 1971 के भारत पाक युद्ध के दौरान 20 नवम्बर 1971 को वीरगति को प्राप्त हुए थे। शहीद सिपाही योगेश्वर दास ने अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए राष्ट्र के लिए अपना सर्वाच्च बलिदान दिया। उनका अदम्य साहस और बलिदान हमें हमेशा प्रेरित करता रहेगा।

## 5



1. न., रैंक और नाम : **13664626, सिपाही सुशील कुमार मसीह**
2. मौजूदा यूनिट : गार्ड रेजीमेंन्ट
3. ऑपरेशन का नाम : : भारत-पाक युद्ध 1971
4. पत्नी का नाम : अविवाहित
5. माता का नाम : स्व. श्रीमती भागमती मसीह
6. पिता का नाम : स्व. श्री पावेल मसीह
7. घर का पता : परसा भदेर बलौदा बाजार (छ.ग.)
8. मोबाईल नं. (एन.ओ.के.) : 9826188157
9. शहादत दिवस : **14 दिसम्बर 1971**

छत्तीसगढ़ माटी के वीर सपूत सिपाही सुशील कुमार मसीह, बिग्रेड ऑफ गार्ड रेजिमेंट में भर्ती हुए और कामटी नागपुर में अपनी ट्रेनिंग की। उनका साहस, निष्ठा और बलिदान हमेशा याद किया जायेगा। सिपाही सुशील कुमार मसीह का बलिदान हमें प्रेरणा देता है और उनके योगदान को हमेशा सम्मानित किया जाएगा। वे बहुत मेहनती, आज्ञाकारी एवं होनहार सिपाही थे। भारत–पाक युद्ध 1971 के दौरान वे वीरगति को प्राप्त हुए।

## 6



1. न., रैंक और नाम : **आईसी -24999, लेफ्टिनेंट अरविंद दीक्षित**
2. मौजूदा यूनिट : 105 इंजीनियर रेजिमेंट
3. ऑपरेश का नाम : भारत-पाक युद्ध 1971
4. पत्नी का नाम : अविवाहित
5. माता का नाम : स्व श्रीमती सुशीला दीक्षित
6. पिता का नाम : स्व. श्री हरिशंकर दीक्षित
7. घर का पता : दुकान नं.- 93 ए मार्केट, सेक्टर-10, भिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग.)
8. शहादत दिवस : **20 दिसम्बर 1971**

छत्तीसगढ़ माटी के वीर सपूत लेफ्टिनेंट अरविंद दीक्षित, 105 इंजीनियर रेजिमेंट मे भर्ती हुए । वे एक जांबाज कमिशन अधिकारी थे। भारत–पाक युद्ध 1971 के दौरान वे वीरगति को प्राप्त हुए थे। छत्तीसगढ़ माटी के वीर सपूत, लेफ्टिनेंट अरविंद दीक्षित का बलिदान भारतीय सेना के इतिहास में अमर रहेगा। वे 105 इंजीनियर रेजिमेंट में भर्ती हुए और जांबाज कमिशन अधिकारी के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे थे। 1971 के भारत–पाक युद्ध के दौरान, उन्होंने अपनी वीरता और साहस का अद्भुत परिचय दिया। युद्ध के दौरान वे दुश्मन के खिलाफ मोर्चा लेते हुए शहीद हो गए। उनका साहस, निष्ठा और बलिदान हमेशा याद किया जाएगा। लेफ्टिनेंट अरविंद दीक्षित का बलिदान हमें प्रेरणा देता है और उनके योगदान को हमेशा सम्मानित किया जाएगा।

## 7



1. न., रैंक और नाम : **10388990, हवलदार हेमलाल कौशिक**
2. नियुक्ति तिथि : 25 मार्च 1976
3. यूनिट : 108 इंन्फ्रेन्ट्री बटालियन (टी. ए.) महार
4. ऑपरेशनन का नाम : ऑपरेशन पवन
5. पत्नी का नाम : श्रीमती बहुरमति
6. माता का नाम : श्रीमती भागवती देवी
7. पिता का नाम : श्री राम बिलास कौशिक
8. घर का पता : ग्राम - झाबड़ी, तह.-कसडोल रायपुर (छ.ग.)
9. मोबाईल नं. (एन.ओ.के.) : 9691438602
10. शहादत दिवस : **29 जनवरी 1987**

छत्तीसगढ़ के वीर सपूत 25 मार्च 1976 को भारतीय थलसेना की महार रेजीमेन्ट में भर्ती हुए थे। इन्हें भारतीय सेवा द्वारा श्रीलंका में शांति स्थापित करने हेतु श्रीलंका भेजा गया । वहां वे अपने कर्तव्यों का निर्वाहन करते हुए दिनांक 29 जनवरी 1987 को श्रीलंका में हुए आपरेशन पवन में सैनिक कार्यवाही के दौरान वीरगति को प्राप्त हुए।

## 8



1. न., रैंक और नाम : **आई.सी. 43117, सेकेन्ड लेफ्टिनेंट राजीव पान्डेय, वीर चक्र**
2. भर्ती दिनांक : 08 जून 1985
3. यूनिट : 8 जैक् लाई
4. ऑपरेशन का नाम : ऑपरेशन मेधदूत
5. पत्नी का नाम : अविवाहित
6. माता का नाम : श्रीमती शकुंतला पान्डेय
7. पिता का नाम : कर्नल आर.पी पान्डेय
8. घर का पता : 220 समता कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़)
9. मोबाईल नं. (एन.ओ.के.) : 9926533449/07712253719
10. शहादत दिवस : **29 मई 1987**

शहीद सेकेन्ड लेफ्टिनेंट राजीव पाण्डे को आपरेशन मेघदूत के तहत् सियाचीन ग्लेशियर में दुश्मनों की एक चौकी को हासिल करने का उत्तरदायित्व दिया गया था। इस 21000 फुट ऊंची दुर्गम चौकी तक पहुँचने के लिए तीन किमी. का खुला बर्फीला इलाका तथा 12000 फीट की दीवार पार करना आवश्यक था।

दिनांक 29 मई 1987 के दिन उन्होंने एवं इनके साथियों ने इस चौकी पर आक्रमण कर दुश्मनों की सुरक्षा व्यवस्था पर बड़ी क्षति पहुंचाई। इस कार्यवाही को अंजाम देते समय वे तथा उनके पांच अन्य साथी वीरगति को प्राप्त हुए। उनके इस प्रबल प्रयास के फलस्वरुप दिनांक 29 जून 1987 को भारतीय सेना ने इस चौकी पर अपना कब्जा कर लिया।

इनके इस अदम्य साहस व वीरता हेतु दिनांक 26 जनवरी 1988 को भारत के राष्ट्रपति द्वारा इनको मरणोपरान्त वीरचक्र से अलंकृत किया गया।

## 9



| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | न., रैंक और नाम | : | **आई.सी. 44447, लेफ्टिनेंट पंकज विक्रम, सेना मेडल** |
| 2. | नियुक्ती की तिथी | : | 20 दिसम्बर 1985 |
| 3. | मौजूदा यूनिट | : | 8 इंजिनियर रेजीमेंन्ट |
| 4. | ऑपरेशन का नाम | : | ऑपरेशन पवन |
| 5. | पत्नी का नाम | : | अविवाहित |
| 6. | माता का नाम | : | श्रीमती राहिल विक्रम |
| 7. | पिता का नाम | : | श्री जितेन्द्र विक्रम |
| 8. | घर का पता | : | पंकज भवन, पंचशील नगर, सिविल लाईन रोड, रायपुर |
| 9. | मोबाईल नं. (एन.ओ.के.) | : | 9281269237 |
| 10. | शहादत दिवस | : | **14 अगस्त 1987** |

छत्तीसगढ़ माटी के पुत्र लेफ्टिनेंट पंकज विक्रम एक विशिष्ट टास्क फोर्स के तहत् श्रीलंका के जाफना क्षेत्र में इण्डियन पीस कीपिंग फोर्स के साथ कार्यरत थे। इस दौरान इनका कार्य लिट्टे द्वारा बिछाई गई बारुदी सुरंगों तथा विस्फोट को निष्क्रिय करना था। दिनांक 12 अगस्त 1987 को एक घर में रखे विस्फोटकों को निष्क्रिय करने समय विस्फोट होने की वजह से ये एवं इनके अन्य साथी बुरी तरह जख्मी हो गये। लेफ्टिनेंट पंकज विक्रम नेअपनी चोटों की परवाह न करते हुए सभी जख्मी साथियों को जाफना अस्पताल तक पहुँचाया तथा स्वयं गंभीर और गहरे जखमों से संग्राम करते हुये जीवन का रण हार गए और 14 अगस्त 1987 को वीर गति को प्राप्त हुए। इनके इस अदम्य साहस व वीरता हेतु 16 नवम्बर 1988 को भारतीय सेनाध्यक्ष द्वारा इन को मरणोपरान्त सेना मेडल (वीरता) से अलंकृत किया गया।

## 10



| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | न., रैंक और नाम | : | **1455910, सी.एफ.एन. राजेश्वर मांझी** |
| 2. | भर्ती दिनांक | : | 26 अगस्त 1985 |
| 3. | यूनिट | : | 139 (ई) फील्ड वर्कशाप कम्पनी (सिगनल ग्रुप) |
| 4. | ऑपरेशन का नाम | : | ऑपरेशन पवन |
| 5. | पत्नी का नाम | : | श्रीमती राधिका देवी |
| 6. | माता का नाम | : | श्रीमती लिखपति देवी |
| 7. | पिता का नाम | : | श्री शिव प्रसाद मांझी |
| 8. | घर का पता | : | शर्मा आश्रम लेबर कालोनी, खुर्सीपार, भिलाई, दुर्ग, छत्तीसगढ़ |
| 9. | मोबाईल नं. (एन.ओ.के.) | : | 98896 87993 |
| 10. | शहादत दिवस | : | **05 नवम्बर 1988** |

शहीद सी.एफ.एन. राजेश्वर मांझी का जन्म 15 मार्च 1968 को छपरा (बिहार) में हुआ था तथा 26 अगस्त 1985 को ई.एम.ई. कोर में भर्ती हुए। सी.एफ.एन. राजेश्वर मांझी को श्रीलंका में शांति स्थापित करने के लिए सैन्य दल के साथ भेजा गया था। इस आपरेशन का नाम पवन था। इस आपरेशन के दौरान सी.एफ.एन. राजेश्वर मांझी एवं उनके टुकड़ी को रात में पेट्रोलिंग करने का टास्क मिला। अलग देश तथा भाषा अलग होने के कारण यह कार्य अत्यंत ही कठिन था। दिनांक 05 नवम्बर 1988 की रात में घनघोर अंधेरे में सी.एफ.एन. राजेश्वर मांझी पेट्रोलिंग करते हुए श्रीलंका के उग्रवादियों (एल.टी.टी.) द्वारा बिछाये गए बिजली करंट के तार में फंस गए जिसकी वजह से वे वीर गति को प्राप्त हुए।

अपने कर्तव्य का दृढ़ता से पालन करते हुए राष्ट्र के लिए उन्होंने सर्वोच्च बलिदान दिया।

**11**



1. न., रैंक और नाम : **4267703, सिपाही कार्नेलुईस मिंज**
2. जन्म दिनांक : 23 नवम्बर 1969
3. भर्ती दिनांक : 1987
4. यूनिट : 15 बिहार
5. ऑपरेशन का नाम : ऑपरेशन पवन
6. पत्नी का नाम : अविवाहित
7. माता का नाम : स्व. श्रीमति कांदी कुजूर
8. भाई का नाम : श्री जयपाल मिंज
9. घर का पता : ग्राम - पखनाकोट, तहसील – धर्मजयगढ़, जिला - रायगढ़ (छ.ग.)
10. मोबाईल नं. (भाई का) : 77228-40776/81202-39962/62603-21433
11. शहादत दिवस : **18 जनवरी 1989**

शहीद सिपाही कार्नेलुइस मिंज का जन्म ग्राम-पखनाकोट, तहसील-धर्मजयगढ़, जिला-रायगढ़ (छ.ग.) में हुआ था। ये सन् 1987 में भारतीय सेना की बिहार रेजीमेन्ट में भर्ती हुए थे। ट्रेनिंग पूरी होने पर इन्हें 15 बिहार रेजीमेंट मे पहली पोस्टिंग प्राप्त हुई थी, जहाँ से इनको आपरेशन पवन में श्रीलंका में तैनात किया गया था। ये आपरेशन पवन में उग्रवादियों से लड़ते हुए 18 जनवरी 1989 को वीरगति को प्राप्त हुए।

**12**



1. न., रैंक और नाम : **4252293, हवलदार लाजरस मिंज, सेना मेडल**
2. भर्ती दिनांक : 30 जुन 1973
3. यूनिट : 7 बिहार
4. ऑपरेशन का नाम : ऑपरेशन पवन
5. पत्नी का नाम : श्रीमती रोजालिया केरकेट्टा
6. माता का नाम : स्व. श्रीमती शिलबिनिया टोप्पो
7. पिता का नाम : स्व. श्री एन्ड्रीयस मिज
8. घर का पता : **जिला-बलरामपुर (छ.ग.)**
9. मोबाईल नं. (एन.ओ.के.) : 9753326949
10. शहादत दिवस : **24 जून 1989**

30 जून 1955 को ग्राम – बॉस करचा, जिला - पलामू (बिहार) वर्तमान झारखंड राज्य में जन्में हवलदार लाजरस मिंज भारतीय सेना में बिहार रेजीमेन्ट की 7वी बटालियन में दिनांक 30 जून 1973 में भर्ती हुऐ। वे श्रीलंका में उग्रवादियों के साथ अदम्य वीरता एवं साहस के साथ लड़ते हुए दिनांक **24** जून 1989 को वीरगति को प्राप्त हुए। उनकी इस वीरता एवं बलिदान के लिए महामहिम राष्ट्रपति द्वारा (मरणोंपरांत) सन 1990 में उनको सेना मेडल (वीरता) से अलंकृत किया गया।

## 13



1. न., रैंक और नाम : **4546154, नायक रामसहाय राम**
2. भर्ती दिनांक : 12 नवम्बर 1976
3. यूनिट : 15 महार
4. ऑपरेशन का नाम : ऑपरेशन मेघदूत
5. पत्नी का नाम : श्रीमती कमला देवी
6. माता का नाम : श्रीमती बिहानी
7. पिता का नाम : स्व. श्री मांगे राम
8. घर का पता : ग्राम- कालकाला, पो.-कौमी, जिला- बलरामपुर, (छ.ग.)
9. मोबाईल नं. (एन.ओ.के.) : 7999712386
10. शहादत दिवस : : **21 दिसम्बर 1991**

29 सितम्बर 1958 को ग्राम व पोस्ट - करकाली, जिला - सरगुजा में जन्में, नायक राम सहाय राम भारतीय सेना में महार रेजीमेन्ट की 15वीं बटालियन में दिनांक 12 नवम्बर 1976 को में भर्ती हुए । वे सियाचिन ग्लेशियर (विश्व की सबसे ज्यादा उँचाई पर स्थित युद्व भूमि) में दुश्मनों के खिलाफ अदम्य साहस एवं वीरता का परिचय देते हुए ग्लेशियर में हिमस्खलन के दौरान हिम दरार में गिर गये। अत्यधिक ठंड़ एवं दुर्गम विषम परिस्थितियों के कारण उनके पार्थिव शरीर को निकाले नही जा सकने के कारण उन्हें लापता बता मृत घोषित किया गया ।

## 14



1. न., रैंक और नाम : **4266605, सिपाही सुरजीत सिंह, सेना मेडल**
2. भर्ती दिनांक : 25 मई 1987
3. यूनिट : 6 बिहार
4. ऑपरेशन का नाम : ऑपरेशन मेघदूत
5. पत्नी का नाम : अविवाहित
6. माता का नाम : श्रीमती शारदा देवी
7. पिता का नाम : श्री शिव लाल प्रसाद
8. घर का पता : Lig-1182, हाउसिंग बोर्ड , भिलाई, दुर्ग, छत्तीसगढ
9. मोबाईल नं. (एन.ओ.के.) : 7247594528
10. शहादत दिवस : **18 फरवरी 1991**

शहीद सिपाही सुरजीत सिंह का जन्म 04 अगस्त 1968 को गांव छावनी भिलाई जिला-दुर्ग (छ.ग.) में हुआ था। वें 25 मई 1987 को आर्मी (बिहार रेजीमेंट) में भर्ती हुए। सिपाही सुरजीत सिंह 6 बिहार रेजीमेंट में सियाचिन ग्लेशियर, चमन सियाला क्षेत्र (जिसकी उंचाई 19600 फीट) में तैनात थे। सियाला से चमन तक की दूरी 6 घंटे (पैदल)है। 16 फरवरी 1991 को लगभग 1500 बजे आर्टलरी ओ.पी. चिनार ने सियाला के कम्पनी कमाण्डर को सूचित किया कि कैप्टन विजय प्रकाश गम्भीर रुप से बीमार है और आधे घण्टे के अन्दर उन्हे तीन बार खून की उल्टियां हो चुकी है। सियाला के डॉक्टर से सम्पर्क स्थापित करने के बाद कम्पनी कमांडर ने रोगी के उपचार के लिए डॉक्टर और उनकी टोली को तत्काल भेज दिया जो आधे रास्ते तक जाकर उधर के दल से सम्पर्क स्थापित किया। सभी अवरोधको को पार करते हुए जब वह आधे रास्ते तक पहुंचे तो तापमान माइनस 50 डिग्री था और लगभग 4 फीट उंची बर्फ से रास्ता बंद हो गया था। इस कठिन परिस्थिति में सिपाही सुरजीत सिंह ने सबसे आगे चलने की इच्छा प्रकट की। रास्ते में मौसम और खराब हो गया तथा गिरती हुई बर्फ के कारण अंधेरा छा गया था और रास्ते के सभी निशान अदृष्य हो गये थे। लगभग 1800 बजे सिपाही सुरजीत सिंह, जो दल में सबसे आगे चल रहे थे वें अचानक 800 से 900 फीट गहरी खाई पर गिर गये। गहरी खाई से रस्सी की मदद् से सिपाही सुरजीत सिंह को बाहर निकाला गया। किन्तु वे वीरगति को प्राप्त हो चुके थें। सिपाही सुरजीत सिंह ने ऐसी खतरनाक स्थिति को जानते हुए भी लिंक दल को आगे ले जाने कि जिम्मेदारी स्वेच्छा से ली थी और उसे आखरी सांस तक निभाते रहे।

कर्तव्य के प्रति सच्ची निष्ठा और विश्वसनीय साहस को देखते हुए सिपाही सुरजीत सिंह को मरणोपरांत सेना मेडल (वीरता)से सम्मानित किया

## 15



1. न., रैंक और नाम : **4561457, सिपाही डी राजा राव**
2. भर्ती दिनांक : 28 जुलाई 1989
3. यूनिट : 15 महार
4. ऑपरेशन का नाम : ऑपरेशन मेघदूत
5. पत्नी का नाम : अविवाहित
6. माता का नाम : श्रीमती लक्ष्मी बाई
7. पिता का नाम : श्री अप्पल पुरी
8. घर का पता : मकान नं. E-67, हाउसिंग बोर्ड, भिलाई-3, दुर्ग (छ.ग.)
9. मोबाईल नं. (एन.ओ.के.) : 9926266250
10. शहादत दिवस : **31 मार्च 1992**

शहीद सिपाही डी राजा राव का जन्म 13 फरवरी 1971 को भिलाई-3 जिला-दुर्ग (छ.ग.) में हुआ था । वें 28 जुलाई 1989 को आर्मी (महार रेजीमेंट) में भर्ती हुए। सिपाही डी राजा राव 15 महार रेजीमेंट, सियाचिन ग्लेशियर ऑपरेशन मेघदूत में देश की सुरक्षा हेतु तैनात थे । सियाचिन ग्लेशियर (लेह/लद्दाख) अति उच्चतुंगता और प्राकृतिक रुप से बहुत दुर्गम है, तथा वहाँ तैनाती के करण उन्हें शारीरिक परेशानियां महसूस हुई एवं उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया। उपचार के दौरान कमांड अस्पताल (वेस्टर्न कमांड) चंडीगढ़ में 31 मार्च 1992 को वीरगति को प्राप्त हुए।

सिपाही डी राजा राव ने अपने कर्तव्य का पालन करते हुए राष्ट्र के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया।

## 16



1. न., रैंक और नाम : **एम. आर. 4769, मेजर सत्य प्रदीप दत्ता**
2. नियुक्ति की तिथी : 21 जनवरी 1982
3. यूनिट : आर्मी मेडिकल कोर
4. ऑपरेशन का नाम : यु.एन 2 (सोमालिया),
5. पत्नी का नाम : श्रीमती मीना दत्ता
6. माता का नाम : श्रीमती भारती दत्ता
7. पिता का नाम : श्री रेबती कांत दत्ता
8. घर का पता : एम.आई.जी. 38 सेक्टर 2, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.)
9. मोबाईल नं. (एन.ओ.के.) : 9926546280/07712420023
10. शहादत दिवस : **31 अगस्त 1994**

छत्तीसगढ़ के माटी के वीर सपूत मेजर सत्य प्रदीप दत्ता भारतीय सेना में 320 फील्ड एम्बुलेंस में मेजर के पद पर कार्यरत थे जिन्हें भारत सरकार द्वारा 1993 में संयुक्त राष्ट्र शांति सेना में चयन करके सोमालिया (अफ्रीका) में चल रहे गृह युद्ध में शांति स्थायना हेतु भेजा गया था, अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए दिनांक 31 अगस्त 1994 में एक बम विस्फोट में मेजर सत्य प्रदीप दत्ता शहीद हो गये।

## 17



| | | |
|---|---|---|
| 1. न., रैंक और नाम | : | **14408665, गनर चिरंजीव बघेल** |
| 2. भर्ती दिनांक | : | 28 अक्टूबर 1993 |
| 3. यूनिट | : | आर्टी रेजीमेंन्ट |
| 4. ऑपरेशन का नाम | : | ऑपरेशन रक्षक |
| 5. पत्नी का नाम | : | अविवाहित |
| 6. माता का नाम | : | श्रीमती कुमारी बघेल |
| 7. पिता का नाम | : | श्री मिलाप सिंह बघेल |
| 8. घर का पता | : | ग्राम - पथरी, रायपुर (छ.ग.) |
| 9. मोबाईल नं. (एन.ओ.के.) | : | 9009328872 / 9977420282 |
| 10. शहादत दिवस | : | **19 मार्च 1996** |

छत्तीसगढ़ के वीर सपूत गनर चिरंजीव बघेल थल सेना में 28 अक्टूबर 1993 में भर्ती हुए थे। वे आपरेशन रक्षक के दौरान 19 मार्च 1996 को उच्च शक्ति की हिम स्खलन में शहीद हुए। उनकी शहादत को सलाम करते है। आप बहुत मेहनती, आज्ञाकारी एवं होनहार सिपाही थे। इस तरह गनर चिरंजीव बघेल ने अपने कर्तव्य का पालन करते हुए राष्ट्र के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया।

## 18



| | | |
|---|---|---|
| 1. न., रैंक और नाम | : | **14808519, सिपाही दुर्वासा लाल निषाद राज** |
| 2. भर्ती दिनांक | : | 28 दिसम्बर 1993 |
| 3. यूनिट | : | 5021 ए एस सी बटालियन |
| 4. ऑपरेशन का नाम | : | ऑपरेशन रक्षक |
| 5. पत्नी का नाम | : | अविवाहित |
| 6. माता का नाम | : | श्रीमती बोधिन बाई |
| 7. पिता का नाम | : | श्री मुन्नी लाल निषाद |
| 8. घर का पता | : | मकान नं. F-26, एम.पी.आर.बी. कालोनी भिलाई, दुर्ग, छत्तीसगढ |
| 9. मोबाईल नं. (एन.ओ.के.) | : | 9993970503 |
| 10. शहादत दिवस | : | **05 सितम्बर 1998** |

शहीद सिपाही दुर्वासा लाल निषाद राज का जन्म 01 अप्रैल 1975 को ग्राम देवरी (ख) जिला-बालोद (छ.ग.) में हुआ था । वें 28 दिसम्बर 1993 को आर्मी (ए.एस.सी. एम. टी), बैंगलोर में भर्ती हुए। सिपाही दुर्वासा लाल निषाद राज 5021 ए.एस.सी. बटालियन में कार्यरत थे। दिनांक 05 सितम्बर 1998 को ऑपरेशन पवन के दौरान पास क्यूम ब्रिज कारगिल सेक्टर (जम्मू व कश्मीर) नियंत्रण रेखा के समीप दुश्मन के आर्टीलरी सेलिंग में घायल हो गए और तदोपरांत वीरगति को प्राप्त हो गए।

इस तरह सिपाही दुर्वासा लाल निषाद राज ने अपने कर्तव्य का दृढ़ता से पालन करते हुए राष्ट्र के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया।

## 19



1. न., रैंक और नाम : **13618411, नायक कौशल यादव, वीर चक्र**
2. भर्ती दिनांक : 03 जून 1989
3. यूनिट : 9 पैरा एस एफ
4. ऑपरेशन का नाम : ऑपरेशन विजय कारगिल
5. पत्नी का नाम : श्रीमती निशा यादव
6. माता का नाम : श्रीमती धनवन्ती देवी 7. पिता का नाम : श्री राम नाथ
8. घर का पता : MIG-1/608, हुडको भिलाई, दुर्ग, (छ.ग.)
9. मोबाईल नं. (एन.ओ.के.) : 9977472217 10. शहादत दिवस : **25 जुलाई 1999**

शहीद नायक कौशल यादव का जन्म 04 अक्टूबर 1972 को हुडको भिलाई जिला-दुर्ग (छ.ग.) में हुआ था। वें 03 जून 1989 को आर्मी (पैराशुट रेजिमेंट), बैंगलोर में भर्ती हुए। कारगिल युद्ध के दौरान दिनांक 25 जुलाई 1999 को नायक कौशल यादव जो 9 पैरा (स्पेशल फोर्स) ट्रुप नं. 4 ब्रावो दल के स्क्वाड-2 का नेतृत्व कर रहे थे, को जूलू टाप (पहाड़ी) पर पश्चिम दिशा की ओर से कब्जा करने का लक्ष्य मिला। इस पहाड़ की उंचाई लगभग 5100 मीटर थी तथा क्षेत्र का तापमान माईनस 15 डिग्री था। साथ ही दुसरे रास्ते में दुश्मनों द्वारा माइन्स बिछा दिया गया था। नायक कौशल यादव पहाड़ी चढ़ाई में दक्ष थे, ऐसे में उन्होंने पहाड़ चढ़ने में अपने कौशल का पूरा-पूरा उपयोग किया और रास्ते के अवराधो को खोलकर अद्धितीय साहस व दृढ़ संकल्प का परिचय देते हुए अपने साथियों के लिये रास्ता बनाया ताकि उनका अनुसरण करते हुए आगे बढ़ सकें।

नायक कौशल यादव का दल सुबह लगभग 05 बजे जूलू टाप (पहाडी) पर पहुंचा ही था, कि तभी पहाडी के उपरी भाग से जोरदार गोलीयों की बौछार शूरु हो गयी। नायक कौशल यादव को यह एहसास हुआ कि भारी गोलीबारी कर, दुश्मन जो वहां पहले से अपनी मजबूत स्थिति बनाकर तैनात थे, उनके दल को जुलू टाप (पहाडी) से नीचे की ओर खदेड़ना चाहते थे। ऐसे में उन्होने अदम्य साहस व वीरता का परिचय देते हुए, खुद सामने रहकर अपने दल का कुशलतापूर्वक नेतृत्व किया तथा चोटी पर कब्जा जमाए बैठे दुश्मनों पर धावा बोल दिया। नजदीक पहुचते ही दुश्मनों ने नायक कौशल यादव व उनके दल पर अंधाधुन गोलीबारी शूरु कर दी, तब नायक कौशल यादव ने अपनी सुरक्षा को नजरअन्दाज करते हुए दुश्मन के बंकरों में ग्रेनेड फेंकें और अपनी बन्दूक से लगातार गोलियां बरसाते हुए पांच दुश्मन सैनिकों को मौत के घाट उतार दिये। इस भीषण गोलीबारी के दौरान वे भी बुरी तरह से जख्मी हो गए परन्तु उन्होने अपने दल के साथ जुलू टाप (पहाड़ी) पर कब्जा कर लिया। तत्पश्चात वह वीरगति को प्राप्त हुए।

नायक कौशल यादव के इस वीरता व अदम्य साहस और दृढ़ संकल्प के साथ किये गये कर्तव्य परायणता के लिये मरणोपरान्त उन्हें वीर चक्र से सम्मानित किया गया।

## 20



1. न., रैंक और नाम : **15462917, सवार, धनंजय सिंह राजपुत**
2. जन्म दिनांक : 15 सितम्बर 1975
3. भर्ती दिनांक : 30 अक्टूबर 1993
4. यूनिट : 64 कैवलरी (24 राष्ट्रीय रायफल्स)
5. ऑपरेशन का नाम : ऑपरेशन रक्षक
6. पत्नी का नाम : अविवाहित 7. माता का नाम : श्रीमती कुंती राजपूत
8. पिता का नाम : श्री पोसागी लाल राजपूत 9. घर का पता : ग्राम पंडर भट्टा, जिला मुंगेली, छ.ग.,
10. शहादत दिवस : **16 जुलाई 2001**

15 सितम्बर 1975 को ग्राम पंडर भट्टा जिला मुंगेली में पैदा हुए सवार धनंजय सिंह राजपूत, सेना में 30 अक्टूबर 1993 को भर्ती हुए। प्रशिक्षण के उपरान्त वे 64 कैवलरी में पदस्थ थे। 64 कैवलरी से 1999 में 24 राष्ट्रीय रायफल में तैनात हुये। दिनांक 15 जुलाई को रात 2.30 बजे आतंकियों ने बंकर में घुसने का प्रयास किया, धनंजय सिंह की टोली ने मुठभेड़ में मुकाबला किया, लेकिन आतंकियों के द्वारा फेंके गए गोले के छर्रे से काफी चोटिल हो गए तथा 16 जुलाई 2001 को वीरगति को प्राप्त हुए। 19 जुलाई 2001 को आपके पार्थिव शरीर को सैनिक सम्मान के साथ गृह ग्राम - पंडर भट्टा में अश्रुपुरित विदाई दी गई।

**21**



| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | न., रैंक और नाम | : | **4258264, हवलदार राजेश बारा** |
| 2. | भर्ती दिनांक | : | 20 मार्च 1979 |
| 3. | यूनिट | : | 4 बिहार |
| 4. | ऑपरेशन का नाम | : | ऑपरेशन पराक्रम |
| 5. | पत्नी का नाम | : | श्रीमती लोरेन्शिया लकड़ा |
| 6. | माता का नाम | : | बिरजीनिया एक्का |
| 7. | पिता का नाम | : | जोहन बारा |
| 8. | घर का पता | : | ग्राम - बडागलौंदा, तह व जिला - जशपुर / छत्तीसगढ़ |
| 9. | मोबाईल नं. ( एन.ओ.के. ) | : | 9162530206 |
| 10. | शहादत दिवस | : | **17 अप्रेल 2002** |

शहीद राजेश बारा ग्राम - बडा गलौंदा, तहसील एवं जिला - जशपुर के निवासी थे। वे भारतीय थल सेना के 4 बिहार रेजीमेंट में पदस्थ थे। 2002 में देश के जम्मू एवं कश्मीर क्षेत्र में देश के दुश्मन तथा आंतकवादियों से देश की रक्षा करते हुए अदम्य साहस का परिचय दिया तथा दुश्मन की गोली लगने से बुरी तरह से जख्मी हुए तथा 17 अप्रैल 2002 को वे वीरगति को प्राप्त हुए।

**22**



| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | न., रैंक और नाम | : | **4278442, सिपाही बलराम ध्रुव, सेना मेडल** |
| 2. | भर्ती दिनांक | : | 6 जनवरी 2000 |
| 3. | यूनिट | : | 11 बिहार आर आर |
| 4. | ऑपरेशन का नाम | : | ऑपरेशन रक्षक |
| 5. | पत्नी का नाम | : | अविवाहित |
| 6. | माता का नाम | : | श्रीमती माया ध्रुव |
| 7. | पिता का नाम | : | श्री राम प्रसाद ध्रुव |
| 8. | घर का पता | : | ग्राम व पो. - बेंद्री, तह व जिला - धमतरी ( छत्तीसगढ़ ) |
| 9. | मोबाईल नं. ( एन.ओ.के. ) | : | 975518291 |
| 10. | शहादत दिवस | : | **26 मार्च 2003** |

